* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 117

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


एयरो इंडिया शो में पहली बार शामिल हुआ अमेरिकी वायु सेना का घातक लड़ाकू विमान एफ-35ए








## खतियानी जोहार यात्रा के दौरान चतरा में विपक्ष पर बरसे सीएम

# विपक्ष ने झारखंड को दलदल में धकेला, बाहर निकलने में लंबे संघर्ष की जरूरत: हेमंत सोरेन

- राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को गिनाया

**अजय चौरसिया**

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य अलग करने में 40 साल लग गये। इसके बाद 20 साल लग गये आदिवासी-मूलवासी की मजबूत सरकार को सत्ता में आने में। सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष लगातार सरकार गिराने का प्रयास कर रही है। कहते हैं सरकार गिरा देंगे। कैसे गिरा देंगे? इनका षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा। विपक्ष नहीं चाहता झारखंड आगे बढ़े। 20 वर्षों का दौर विचित्र था। ऐसे दलदल में धकेला जिससे इस राज्य को बाहर निकलने में एक लंबे संघर्ष की जरूरत है। जो लोग गुजरात, मुम्बई और देश चला रहे हैं, उन्हीं लोगों ने राज्य को भी चलाया था। गुजरात आगे चला गया और झारखंड को पीछे कर दिया गया। मुख्यमंत्री सोमवार को खतियानी जोहार यात्रा के दौरान चतरा में विपक्ष पर बरसे।

**विपक्ष ने युवाओं का हक छीना है :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम आदिवासी धर्मकोड लाये। उस पर केंद्र चुप्पी साध गया। युवाओं के लिए नियोजन नीति लाये, वह असंवैधानिक करवा दिया गया। बाहरी लोगों के साथ मिलकर भाजपा नेता ही झारखंड के युवाओं का हक छीनने का काम किया। यहां के खतियानधारियों को प्राथमिकता के लिए नियम बनाये, उसे भी असंवैधानिक बता दिया गया। अपना हक-अधिकार मांगो तो यह लोग मुंह बंद करने के लिए नये-नये हथकंडे अपनाते हैं।

**महंगाई पहले डायन, आज भौजाई नजर आती :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा को महंगाई से प्रेम हो गया है। सत्ता में आने से पहले भाजपा को महंगाई डायन लगती थी। आज उसी भाजपा को महंगाई भौजाई नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के 80 फीसदी लोग ग्रामीण क्षेत्रो में हैं। भाजपा की लूट के कारण वे कंगाल होते गये। इस राज्य को इन लोगों ने दोनों हाथों से लूटा। उसके बाद 2019 में चीजे बदलीं, जब आपका आशीर्वाद मिला। सीएम ने कहा कि संघर्ष यात्रा के तहत हमनें राज्यवासियों का दर्द देखा और उसे महसूस किया। पहले हक अधिकार की मांग को लेकर सिर्फ प्रदर्शन होते थे, लोग सड़कों पर रहते थे। संघर्ष यात्रा को लोगों का समर्थन मिला और 2019 में हमनें इन्हें हटा दिया।

**नेताविहीन पार्टी मुद्दाविहीन हो गयी है :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की भाजपा पार्टी आज नेताविहीन हो गयी है। इसके साथ-साथ वह मुद्दाविहीन भी है। उसे अपने दल से एक अदद विधायक दल का नेता नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हर समस्या का हम निराकरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रघुवर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस सरकार ने 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड से नाम काट दिया। हमने 20 लाख नया राशन कार्ड बनवा कर लोगों के बीच बांटा। केंद्र सरकार ने आम लोगों का पैसा बाजार में लगा दिया और पैसा माथे के बल पर खड़ा है। अर्थव्यवस्था चरमरा गयी है। हमारे झारखंड के गरीब लोगों को केंद्र सरकार आवास भी नहीं दे रही है। यहां ज्यादा आवास चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमने अधिकार मांगा, तो उन्होंने कहा कि हम असंवैधानिक काम कर रहे हैं।



### बाहरी लोग माला माल, झारखंडी लोग कंगाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भाजपा की कारस्तानी के कारण संकट का दौर है। यहां दूसरे राज्यों के लोगों के लिए हमारा राज्य चारागाह बन गया है। खनिज संपदा से भरपूर झारखंड की अहमियत को हमारे पूर्वज जानते थे। इसकी रक्षा के लिए दिशोम गुरु उस लड़ाई को आगे ले गये, राज्य को अपनी पहचान दिलाने के लिए। वह गरीबों की आवाज बने और लंबी लड़ाई के बाद हमारा राज्य अलग हुआ। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि जिसने राज्य की लिए लड़ाई लड़ी, उन्हें राज्य का नेतृत्व ही नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जब जीवन सामान्य था, तो कई लोगों की भूख की वजह से मौत हुई थी। 20 वर्षो का दौर ही विचित्र था। इस वजह से आज फिर संघर्ष करना पड़ रहा है। देश के सबसे बड़ी पार्टी कहलाने वाली भाजपा कई राज्यों में राज्य करती रही, लेकिन सिर्फ हमारे राज्य का विकास नहीं हुआ। ऐसा इसीलिए हुआ, क्योंकि हमारे राज्य को छत्तीसगढ़ के लोग चला रहे थे और कुछ लोग उनके एजेंट बने हुए थे। इसीलिए तो राज्य के पहले मुख्यमंत्री को झारखंडी होने के बाद भी कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया और आज एक बार फिर हमें परेशान करने की कोशिश की जा रही है।

## केंद्र सुनिश्चित करे कि कॉलेजियम की सिफारिशों के अनुसार हो जजों की नियुक्ति : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा की गयी सिफारिश के अनुसार न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण से जुड़े मुद्दों पर जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है। न्यायमूर्ति एसके कौल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि वह न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित है। महान्यायवादी (अटार्नी जनरल) आर वेंकटरमणी के उपस्थित नहीं रहने के कारण शीर्ष न्यायालय ने दो याचिकाओं की सुनवाई दो मार्च के लिए स्थगित कर दी। इनमें से एक याचिका में आरोप लगाया गया हे कि केंद्र कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किये गये नामों को मंजूरी देने में देर कर रहा है। शीर्ष विधि अधिकारी की ओर से वकील द्वारा कुछ समय मांगे जाने पर पीठ ने कहा कि कृपया यह सुनिश्चित करें कि जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है।

# डब्ल्यूपीएल ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकीं

- तीन खिलाड़ी 3 करोड़ से ज्यादा में बिकीं
- अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन टीम की 4 खिलाड़ी बिकीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** पहली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी जारी है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे ऑक्शन में टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकी हैं। उन्हें बेंगलुरु ने 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा है। 10 सेट का ऑक्शन हो चुका है और अब तक तीन खिलाड़ियों पर 3 करोड़ से ज्यादा की बोली लगी है, जबकि चार देशों की कप्तान अनसोल्ड रही हैं। इनमें साउथ अफ्रीका की सुने लुस, इंग्लैंड की हीथर नाइट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज शामिल रहीं। साथ ही पिछले महीने अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम की चार खिलाड़ी भी बिकीं। जबकि 10 खिलाड़ी अनसोल्ड रहीं।

10वें सेट में एस यशश्री को यूपी ने 10 लाख रुपये में खरीदा। इससे पहले, नौवें में यूपी ने श्वेता सेहरावत को 40 लाख में और पार्श्वी चोपड़ा को 10 लाख में अपने साथ जोड़ा। जबकि तितास साधू को 25 लाख में दिल्ली ने खरीदा।

आठवें सेट में दिल्ली ने साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर मरिजन कैप को 1.5 करोड़, राधा यादव को 40 लाख में और शिखा पांडेय को 60 लाख रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। जबकि गुजरात ने स्नेह राणा को 75 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया।




### किस टीम ने किसे खरीदा

**दिल्ली कैपिटल्स** - जेमिमा रोड्रिग्ज (भारत), शेफाली वर्मा (भारत), मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया), राधा यादव (भारत), शिखा पांडे (भारत), मारिजन कैप (साउथ अफ्रीका), तितास साधु (भारत)।

**मुंबई इंडियंस** - हरमनप्रीत कौर (भारत), नेटली सीवर (इंग्लैंड), अमीलिया केर (न्यूजीलैंड), यस्तिका भाटिया (भारत)।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - स्मृति मंधाना (भारत), रेणुका सिंह (भारत), सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड), एलीस पेरी (ऑस्ट्रेलिया), रिचा घोष (भारत)।

**यूपी वॉरियर्ज** - दीप्ति शर्मा (भारत), ताहिलीया मैक्ग्रा (ऑस्ट्रेलिया), शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), एलीसा हिली (ऑस्ट्रेलिया), अंजलि सर्वनी (भारत), राजेश्वरी गायकवाड़ (भारत), पार्श्वी चोपड़ा (भारत), एस यशश्री (भारत), श्वेता सहरावत (भारत)।

**गुजरात जायंट्स** - एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), सोफिया डंकली (इंग्लैंड), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), हरलीन देओल (भारत), डेओंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), स्नेह राणा (भारत)।

### सहरवात 40 लाख में बिकीं

अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप जिताने वाली भारतीय टीम की 4 खिलाड़ी ऑक्शन में बिकीं। जबकि 10 खिलाड़ी अनसोल्ड रहीं। श्वेता सहरवात को 40 लाख रुपये में यूपी ने खरीदा। उनकी बेस प्राइस 10 लाख थी। उनके अलावा तेज गेंदबाज तितास साधु को 25 लाख रुपये में दिल्ली ने खरीदा। वहीं, स्पिनर पार्श्वी चोपड़ा और बैटर एस यशश्री को 10-10 लाख रुपये में यूपी ने खरीदा।

# सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के बेटे ने की आत्महत्या

- रविवार की सुबह खाया जहर, मेडिका में इलाज के दौरान हुई मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिंदरी विधानसभा के विधायक इंद्रजीत महतो के बड़े बेटे 27 वर्षीय विवेक कुमार महतो की जहर खाने से मौत हो गयी है। रविवार की सुबह जहर खाने के बाद उसका इलाज बरियातू के मेडिका अस्पताल में किया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी है।

मेडिका अस्पताल में इलाज की जानकारी मिलने के बाद सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी सह पूर्व जिप सदस्या तारा देवी, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, धर्मेंद्र महतो, विधायक के छोटे पुत्र प्रशांत कुमार महतो, पुत्री निशी कुमारी रविवार की रात को ही रांची पहुंचे। विधायक का बेटा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर जनरल कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। विवेक का सोमवार शाम को सिरसा कुड़ी स्थित दामोदर घाट पर अंत्योष्टि की गयी।

**दोस्त के यहां ही खाया जहर :** विधायक इंद्रजीत महतो का बड़ा बेटा विवेक कुमार महतो मूरी अपने किसी करीबी मित्र के यहां आया हुआ था। उसने वहीं रविवार की सुबह लगभग 10 बजे जहर खा लिया। जहर खाने की जानकारी मिलते ही उसे आनन-फानन में सिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां स्थिति नहीं सम्भलने पर उसे देर शाम बरियातू स्थित मेडिका अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। यहीं उसकी मौत इलाज के क्रम में हो गयी। रांची के मेडिका अस्पताल में जब उसे भर्ती कराया गया तब वह बातचीत कर रहा था। उसका इलाज डॉक्टर डॉ विजय मिश्रा कर रहे थे। विवेक सल्फास की गोली खाने के बाद अस्पताल में लाने के दौरान वह एक्टिव था। एडमिट करते ही उसकी गहन जांच की गयी। लेकिन धीरे-धीरे जहर शरीर में फैलने के कारण सोमवार सुबह मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह से उसकी मौत हो गयी।

### इंद्रजीत महतो का हैदराबाद में चल रहा इलाज

गौरतलब है कि विधायक इंद्रजीत महतो पिछले दो साल से हैदराबाद में इलाजरत हैं। विधायक मधुपुर उपचुनाव में प्रचार के दौरान कोरोना संक्रमित हुए थे। जिसके बाद उनकी स्थिति गंभीर होती चली गयी। 12 अप्रैल 2021 को विधायक इंद्रजीत महतो को धनबाद के एशियन जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद 17 अप्रैल 2021 को एयरलिफ्ट कर हैदराबाद भेजा गया। तब से वे वहीं इलाजरत हैं। माना जा रहा है कि पिता की बीमारी के तनाव की वजह से विवेक ने यह कदम उठाया है।

# केंद्र अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जांच समिति बनाने के लिए राजी

- सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 17 फरवरी को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार हिंडनबर्ग-अडाणी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच समिति बनाने पर सहमत हो गया है। अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार को भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति नियुक्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है। सेबी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 17 फरवरी 2023 को फिर आने और समिति बनाने के बारे में जानकारी देने को कहा है। केंद्र ने कहा कि वह नियामक तंत्र पर प्रस्तावित पैनल के लिए डोमेन विशेषज्ञों के नाम सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को देना चाहता है।

पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा था कि वह अदालत को यह बताये कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाये और सुप्रीम कोर्ट को दिखाये कि मौजूदा संरचना क्या है? कोर्ट ने कहा था कि वह यह भी जानना चाहती है कि नियामक ढांचे को कैसे मजबूत किया जा सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से पूछा था कि मौजूदा नियामक ढांचा क्या है और क्या निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है? कोर्ट ने वित्त मंत्रालय और सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था।

## प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में एयरो शो का किया उद्घाटन

# भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा : मोदी

- 17 फरवरी तक चलेगा एयर शो, कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'अमृतकाल' का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता। जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है। आज का भारत तेज सोचता है, दूर की सोचता है और तुरंत फैसले लेता है। एक बात और, भारत की रफ़्तार चाहे जितनी तेज हो लेकिन वो हमेशा जमीन से भी जुड़ा रहता है। प्रधानमंत्री सोमवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

**डिफेंस एक्सपोर्ट को 5 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की संभावनाओं और सामर्थ्य का प्रमाण हमारी सफलताएं दे रही हैं। आकाश में गर्जना करते तेजस विमान 'मेक इन इंडिया' की सफलता का प्रमाण है। 21वीं सदी का नया भारत अब ना कोई मौका खोएगा और ना ही अपनी मेहनत में कोई कसर छोड़ेगा। हम कमर कस चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने बीते 8-9 साल में अपने यहां डिफेंस के क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। हम अभी इसे केवल एक शुरुआत मानते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम वर्ष 2024 -25 तक डिफेंस एक्सपोर्ट को 5 बिलियन डॉलर तक ले जाएंगे।



**शो नयी सोच का प्रतिबिंब :** मोदी ने कहा कि जब कोई देश नयी सोच और नयी अप्रोच के साथ आगे बढ़ता है तो उसकी व्यवस्थाएं भी नयी सोच के साथ ढलने लगती हैं। आज का ये आयोजन भारत की नयी सोच को भी प्रतिबिंबित करता है। आज ये आयोजन केवल एक शो नहीं है, ये भारत की स्ट्रेंथ भी है।

**एचएलएफटी-42 सुर्खियों में :** एयरो इंडिया के 14वें एडिशन की शुरूआत सोमवार को बेंगलुरु के एयर फोर्स स्टेशन पर हुई। यह एयर शो पांच दिन चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इस शो में सबसे ज्यादा सुर्खियों एचएलएफटी-42 ने बटोरीं। इसकी टेल पर हनुमानजी की फोटो है। साथ ही अंग्रेजी में एक मैसेज भी लिखा है-'द स्टोर्म इस कमिंग'। देश में बनी पहली कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी भी एयर शो में प्रदर्शन के लिए रखी गई है। आइआइटी मद्रास में बने 2017 के एक स्टार्टअप ने इस उड़ने वाली टैक्सी का बनाया है। यह शो 13 फरवरी से 17 फरवरी तक चलेगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |



# अपरिपक्व है झारखंड कांग्रेस के चार नेताओं के निलंबन का फैसला

## ■ पार्टी को ही चुकाना पड़ सकता है इसका नुकसान

## ■ रामगढ़ उपचुनाव में भी पड़ सकता है इस कार्रवाई का असर

**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी एक बार फिर चर्चा में है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की यात्रा के महज 24 घंटे बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के चार पुराने नेताओं आलोक दुबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, लाल किशोरनाथ शाहदेव और साधु शरण गोप को छह साल के लिए निलंबित करने का फैसला किया। इन चारों नेताओं पर नेतृत्व के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाने और संगठन के खिलाफ बागी तेवर अपनाने के आरोप लगाये गये हैं। झारखंड कांग्रेस के इस फैसले को राजनीतिक दृष्टि से अपरिपक्व ही कहा जा सकता है, क्योंकि पार्टी के सामने अभी रामगढ़ चुनाव जीतने की चुनौती है। इतना ही नहीं, जिन चार नेताओं को निलंबित किया गया है, उनमें से कम से कम तीन तो तीन दशक से भी अधिक समय से कांग्रेस के प्रमुख चेहरे के रूप में जाने जाते रहे हैं। पार्टी संगठन में इनका योगदान कई विधायकों से भी अधिक है। कहने को तो इन सभी को पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर निलंबित किया गया है, लेकिन इस अनुशासन समिति में वैसे लोग शामिल हैं, जिनकी झारखंड में अपनी कोई बड़ी पहचान नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के इस फैसले से पार्टी में गुटबाजी भी बढ़ेगी, क्योंकि इन सभी को राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का करीबी माना जाता है। जाहिर है कि अपने समर्थक नेताओं के निलंबन को डॉ उरांव ने भी अच्छा नहीं माना होगा, हालांकि उनकी ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। झारखंड कांग्रेस द्वारा इन चार नेताओं के निलंबन के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**



राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पहले झारखंड दौरे के फौरन बाद प्रदेश कांग्रेस ने अपने चार नेताओं आलोक दुबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, लाल किशोरनाथ शाहदेव और साधु शरण गोप को संगठन के खिलाफ बागी रुख अख्तियार करने, पार्टी अनुशासन की सीमा लांघने और नेतृत्व के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने के आरोप में छह साल के लिए निलंबित कर दिया। जिन चार नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गयी है, वे सभी झारखंड कांग्रेस के स्थापित चेहरे हैं। प्रदेश नेतृत्व के इस फैसले को राजनीतिक हलकों में सकारात्मक कदम के रूप में नहीं लिया जा रहा है। इसके कई कारण हैं।

दरअसल, झारखंड कांग्रेस इन दिनों गुटबाजी की समस्या से जूझ रही है। हालात ये हैं कि कई नेता खुल कर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेसी ही सवाल कर रहे हैं कि इन चार नेताओं के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों की गयी? इसके जवाब में कहा जा रहा है कि निलंबित किये गये नेता पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इसके बाद अनुशासन समिति की तरफ से इन नेताओं को चेतावनी भी दी गयी थी और 21 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। हालांकि नोटिस के बावजूद 24 दिसंबर को इन नेताओं ने बोकारो में एक संवाददाता सम्मेलन में फिर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी कर दी। इसके बाद कांग्रेस अनुशासन समिति ने इन तीनों ही नेताओं को पार्टी से बाहर करने की अनुशंसा प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से की थी, जहां से मंजूरी मिलने के बाद तीनों नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि कार्रवाई के लिए यह समय उचित है या नहीं? कांग्रेस के सामने अभी रामगढ़ चुनाव की चुनौती है। हालांकि उसे झामुमो और राजद का समर्थन हासिल है, लेकिन आजसू-भाजपा गठबंधन के कारण कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो की पेशानी पर बल पड़े हुए हैं। पार्टी के चार तपे-तपाये नेताओं के खिलाफ कार्रवाई से चुनाव प्रचार अभियान में लगे कार्यकर्ताओं के मनोबल पर विपरीत असर पड़ेगा। इतना ही नहीं, इन चारों को राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का समर्थक माना जाता है। इसलिए उनके निलंबन को डॉ उरांव के कद को छोटा करने के रूप में भी देखा जा रहा है। इसका गंभीर असर रामगढ़ चुनाव पर पड़ सकता है।




झारखंड प्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से खींचतान जारी है। 2020 में जब झारखंड कांग्रेस में बदलाव हुआ, तो हेमंत सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को हटा कर राजेश ठाकुर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद पार्टी में और भी कई बदलाव हुए। पार्टी के अंदर मचे घमासान को शांत करने की कोशिश भी हुई, लेकिन इसका समाधान निकट भविष्य में निकलता हुआ नहीं दिख रहा है। लंबे समय के बाद वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस कमिटी का गठन कर पार्टी के अंदर उपजे असंतोष को शांत करने की कोशिश जरूर की, लेकिन पदों को लेकर भी विवाद बढ़ता चला गया।

दरअसल, इस विवाद के पीछे लोगों को यह लग रहा होगा कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी में मिले पद से असंतुष्टों की नाराजगी बढ़ी है, जबकि कारण कुछ और भी हैं। पिछले 10 साल का इतिहास देखें, तो झारखंड कांग्रेस में बड़े नेताओं की गुटबाजी चरम पर रही है, जिस वजह से पार्टी को जितनी सफलता मिलनी चाहिए, वह पूरा नहीं हो पाता है।

इतना ही नहीं, पार्टी के तीन विधायकों डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी के खिलाफ हेमंत सरकार को अस्थिर करने की साजिश रचने का आरोप लगने के बाद भी संगठन में उनकी सक्रियता के बाद चार नेताओं के निलंबन के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि विधायकों को 49 लाख रुपये नगद के साथ पकड़ा गया और जेल भेजा गया, फिर भी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि महज बयानबाजी के कारण वैसे नेताओं को निलंबित किया गया, जिन्होंने तीन दशक से भी अधिक समय से पार्टी के लिए सब कुछ कुर्बान किया है।

इस दलील में दम भी है। चाहे आलोक दुबे हों या डॉ राजेश गुप्ता छोटू या फिर लाल किशोरनाथ शाहदेव, एकीकृत बिहार के समय से ही ये कांग्रेस में सक्रिय रहे। एनएसयूआइ से शुरू होकर युवा कांग्रेस और फिर प्रदेश कांग्रेस तक के इनके सफर में कई उतार-चढ़ाव आये। चुनावी राजनीति में सफल नहीं होने के बावजूद इनकी छवि जुझारू और समर्पित नेता की रही है। ये सभी ऐसे नेता हैं, जिन्हें किसी भी पार्टी का एसेट माना जा सकता है। ये चार नेता उनमें से हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में अपना सब कुछ झोंक दिया और पार्टी की जीत के लिए दिन-रात एक कर दिया।

अब उनके निलंबन से स्थिति गड़बड़ मोड़ पर पहुंच गयी है। यहां तक कि पार्टी के विधायकों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि वे क्या करें और किधर जायें। हालत यह हो गयी है कि पार्टी को कुछ गिने-चुने नेता अपने इशारों पर चला रहे हैं। सच कहा जाये, तो कांग्रेस पार्टी में अब बाहर से आये हुए नेताओं की भरमार हो गयी है और वे गणेश परिक्रमा के बल पर महत्वपूर्ण जगहों पर आसीन हो गये हैं।

एक तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस अपनी वापसी की रणनीति पर काम कर रही है, तो दूसरी तरफ इस तरह की कार्रवाई से कांग्रेस की परेशानी बढ़ सकती है। झारखंड कांग्रेस के इस फैसले ने केंद्रीय नेतृत्व को चिंता में डाल दिया होगा। ऐसे में 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद जब तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने आलाकमान को पत्र लिख कर पार्टी की प्रदेश इकाई में व्याप्त इस बीमारी के बारे में बताया था, तब कई नेताओं ने उन्हें आड़े हाथों लिया था, लेकिन अब उनकी कही गयी बात पूरी तरह सही साबित हो रही है। उसी साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने झारखंड में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 सीटों पर जीत हासिल की थी, तब कहा जाने लगा था कि पार्टी अपने सुनहरे दिन की ओर लौट रही है। उस जीत ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के दर्द को भुला दिया था। लेकिन चुनाव से ठीक पहले इस तरह की कार्रवाई से संगठन को ही नुकसान पहुंचेगा, इसमें कोई शक नहीं।

---

## हाइकोर्ट ने मानव तस्कर पन्नालाल को जमानत देने से किया इंकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने पन्नालाल की जमानत याचिका अस्वीकृत कर दी है। अदालत ने माना कि पन्नालाल पर मानव तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। ऐसे गंभीर मामलों में आरोपी को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा सकती है। अदालत ने उसके सहयोगी गोपाल उरांव की भी जमानत याचिका खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने मानव तस्करी के आरोपी पन्नालाल पर दर्ज आपराधिक मामले की अद्यतन स्थिति पेश करने को कहा था। अदालत के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया कि पन्नालाल के खिलाफ खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सहित अन्य जगहों पर कुल 16 मामले दर्ज हैं। मानव तस्कर पन्नालाल व



उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड की गरीब लड़कियों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआइए ने 2020 में खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था। इस मामले में निचली अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए की अदालत में मामले में गवाही दर्ज की जा रही है। एनआइए की ओर से अब तक तीन गवाही करायी जा चुकी है। फरवरी में पन्नालाल के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ अदालत ने आरोप गठन किया था।

## हाइकोर्ट में हाजिर हुए जमशेदपुर के सिटी एसपी

रांची (आजाद सिपाही)। अपने पिता को ढूंढने को लेकर ज्योति पांडे की क्रिमिनल याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में सुनवाई के दौरान जमशेदपुर सिटी एसपी के विजयशंकर कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले को लेकर एसआइटी का गठन कर दिया गया है। एसआइटी का नेतृत्व वे खुद कर रहे हैं, अभी तक उस व्यक्ति के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस इस मामले में अनुसंधान जारी रखे हुए है। इसीलिए इस मामले में कोई आवश्यक दिशा-निर्देश की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने सिटी एसपी जमशेदपुर का पक्ष सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बता दें कि जमशेदपुर के ज्योति पांडे ने अपने पिता सुनील पांडे के गायब होने पर उनकी खोज को लेकर हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से वंदना सिंह ने पैरवी की।

---

### निलंबित नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पर लगाये आरोप

## भाजपा के इशारे पर कर रहे कांग्रेस को कमजोर

**राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी के सामने अपनी बातों को रखेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक साजिश के तहत झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष भाजपा के इशारे पर कांग्रेस को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए ही आरपीएन सिंह ने उन्हें कमान सौंपी थी, जिसके लायक वह नहीं हैं।

ये बातें झारखंड कांग्रेस से निलंबित नेताओं आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता और साधु शरण गोप ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत दुश्मनी निभाने का प्लेटफार्म नहीं है। यह गलत फैसला लिया गया है। इस दौरान निलंबित नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजी तौर पर टारगेट कर कार्रवाई की गयी है। इस दौरान



उन्होंने कहा कि जो सवाल उठाये गये थे, उसमें सुधार कर सकते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन की झारखंड में मजबूती के लिए सवाल उठाये गये थे।

### जब तक जीवित रहेंगे तब तक कांग्रेसी रहेंगे

निलंबित नेताओं ने कहा कि उनके द्वारा 45 हजार नये सदस्यों को पार्टी में जोड़ा गया था। कहा उकि नके साथ बातचीत कर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। इस दौरान उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उनकी तीसरी पीढ़ी कांग्रेस में है। यदि कोई सोच रहा है कि निलंबन के बाद वे आवाज नही उठायेंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल में किये कार्यों को लेकर कहा कि जब कोरोना काल में सभी घर में थे, तब हमने जान की परवाह किये बिना लोंगों की सेवा करने का काम किया है। वहीं, उन्होंने कहा कि राजेश ठाकुर की पांच पीढ़ी भी आ जायेगी, तब भी कांग्रेस से नहीं निकाल पायेंगे। हम जब तक जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेसी रहेंगे। नेताओं ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष कई राजनीतिक दलों में रह चुके हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि रायपुर में कांग्रेस के अधिवेशन में जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी के सामने अपनी बातों को रखेंगे और धरना देंगे।

## जेल से बाहर निकलीं निलंबित आइएएस पूजा सिंघल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल सोमवार को न्यायिक हिरासत से बाहर आ गयीं। सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत के बाद रांची इडी की विशेष कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया। जिसके बाद वह जेल से बाहर निकल गयीं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दूसरी बार अंतरिम जमानत दी है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मनरेगा घोटाला की आरोपी निलंबित आइएएस को इस शर्त पर बेल दी है कि वह अपनी जमानत अवधि के दौरान इडी के गवाहों पर दबाव नहीं बनायेंगी, और केस से जुड़े किसी गवाह को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सख्त हिदायत दी है कि अपनी जमानत अवधि के दौरान वो इडी के गवाहों से दूर रहेंगी। अगर पूजा सिंघल ने इन शर्तों का उल्लंघन किया तो उनकी अंतरिम जमानत खारिज हो जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को दो महीनों की अंतरिम जमानत दी है, उन्होंने 4 फरवरी को सरेंडर किया था। जिसके बाद वह न्यायिक हिरासत में थीं।

---

## हाइकोर्ट में रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई 28 फरवरी को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सोमवार को विनोद सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता बाहुबली रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। रामधीर सिंह की ओर से अधिवक्ता सूरज सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता नेहाला शर्मिन ने पक्ष रखा। इस समय रामधीर सिंह बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल होटवार, रांची में सजा काट रहे हैं। बता दें कि कतरास बाजार में वर्ष 1998 में कोयला कारोबारी विनोद सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए धनबाद कोर्ट ने 18 अप्रैल 2015 को उत्तरप्रदेश के बलिया जिला परिषद अध्यक्ष रामधीर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। हालांकि कोर्ट जब फैसला सुना रहा था, रामधीर सिंह उपस्थित नहीं थे। 22 महीने बाद उन्होंने 20 फरवरी 2017 को धनबाद कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। बाद में उन्हें धनबाद से होटवार जेल में शिफ्ट किया गया था। इसी मामले में जमानत के लिए रामधीर ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस केस में पूर्व मंत्री बच्चा सिंह बरी हो चुके हैं।

## अपराधी सुरेंद्र बंगाली की बेल पर हुई सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कुख्यात अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र बंगाली की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके, जिसके बाद अदालत ने इस केस की सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि 90 के दशक में सुरेंद्र बंगाली रांची में आतंक का दूसरा नाम था। सुरेंद्र बंगाली की ओर से अधिवक्ता लुकेश कुमार ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। रांची के लालपुर थाना से जुड़े कांड संख्या 31/ 1996 में निचली अदालत ने सुरेंद्र बंगाली को फांसी की सजा सुनायी है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा में तब्दील कर दिया है। सजा की अवधि को आधार बनाते हुए सुरेंद्र बंगाली ने हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल कर अदालत से गुहार लगायी है कि उसे रिहा किया जाये। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

## कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने चतरा में योजनाओं के बारे में लोगों को दी जानकारी

# झारखंड के लोगों की बेहतरी के लिए हमारी सरकार दिन-रात कर रही कार्य: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता





**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चतरा में केवल विपक्ष पर निशाना ही नहीं साधा, उन्होंने अपनी सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों से भी लोगों को भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड वीर-शहीदों की धरती रही है। अलग राज्य प्राप्त करने में अनेकों लोगों ने अपना सर्वस्व दिया है। झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इनका मुख्य उद्देश्य यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय को उनका हक तथा अधिकार देना था। बहुत लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 2000 में झारखंड राज्य अलग हुआ, परंतु 20 वर्ष के बाद भी आज हमारा राज्य विकास के पैमानों में पिछड़ा क्यों रह गया है? आखिर कमी कहां रह गयी? हमारी सरकार इस चिंतन के साथ राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर दिशा देने का कार्य निरंतर कर रही है।

### राज्य के किसानों को मजबूत करने की है जरूरत

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के किसानों कि आय को बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमारी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। पशुधन योजना से भी राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचा रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो इस निमित्त कई योजनाएं चलायी जा रही हैं।

### लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अनेकों योजनाएं बनायी हैं। इन योजनाओं के माध्यम से राज्य के लोगों को लाभ मिल रहा है। हमारी बच्चियों की पढ़ाई पूरी हो सके इसके लिए राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की गयी है। उच्चतर शिक्षा के लिए हमारी सरकार ऋण दे रही है जिसका लाभ उठाकर आप अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

### सरकार के निर्णयों से राज्य की जनता खुश

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णयों से राज्य की जनता में खुशी है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक एवं सरकारी कर्मचारियों को हमारी सरकार ने उनका हक और अधिकार देने का काम किया है। राज्य की जनता ने सरकार के फैसलों का जोरदार स्वागत किया है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया। पहले लोगों को प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था जबकि आज सरकार खुद आम लोगों के द्वार तक पहुंची है।

इस मौके पर डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, डीडीसी, उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जेएमएम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विष्णु यादव, जीप अध्यक्ष ममता कुमारी, जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत जिला भर से आये हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### चतरा जिला भी विकास की ऊंचाइयों को छू रहा: भोक्ता

**इस मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की कोशिशों का ही नतीजा है जिसकी वजह से पूरे राज्य के साथ-साथ चतरा जिला भी विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। आने वाले समय ऐसा होगा जब हर गांव से सड़क जुड़ जायेगी।वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी चतरा के छात्रों को पॉलिटेक्निक कॉलेज के तौर पर सौगात दी गयी है जो बन कर तैयार है। वहीं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर आज लाभुक सम्मान की जिंदगी जी रहे हैं। जिले में सड़क, पुल, स्कूल अस्पताल सब का निर्माण तेजी से हो रहा है। पुरानी पेंशन योजना को लागू कर के सरकारी नौकरीं कर रहे लोगों का भविष्य मुख्यमंत्री ने सुरक्षित करने का काम किया तो वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोगों को जीविका दी जा रही है। यहां के स्थानीय लोगों को कैसे योजनाओं से जोड़ा जाये इसका प्रयास हो रहा है।**

# सीएम हेमंत सोरेन ने शहादत दिवस पर वीर बुधु भगत को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद वीर बुधु भगत के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा- 'अंग्रेजों और महाजनों के शोषण के खिलाफ लड़ने वाले, कोल और लरका विद्रोह के महानायक, अमर वीर शहीद वीर बुधु भगत जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहे! जय झारखंड!

वीर बुधु भगत एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ कोल विद्रोह का नेतृत्व किया था। वहीं, आज शहादत दिवस के मौके पर पूरे राज्यभर में वीर बुधु भगत की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। 18 फरवरी 1792 में रांची में उनका जन्म हुआ था। उन्हें कोल और लरका विद्रोह का महानायक भी कहा जाता है। वीर बुधु भगत 1857 की क्रांति से भी पहले 1831- 1832 में रांची के सिलगाई गांव से अंग्रेजों के खिलाफ जंग छेड़ दी थी। उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक अंग्रेजों से लोहा लिया और लड़ते-लड़ते शहीद हो गये। लेकिन, कभी अंग्रेजों के सामने सिर नहीं झुकाया।

**JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY**

(Established by the Government of Jharkhand & Recognised as per Jharkhand Act, 12, 2021)

Address: - Jharkhand State Open University, Opp.Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006, Email- registrarjsou@gmail.com, Ph.No.-8929006645

**Short Tender Notice**

Sealed Tenders are invited in two bid systems from the reputed Firms/Dealers for supply of Furniture to the Jharkhand State Open University. Tender papers may be obtained from the University Office from 14/02/2023 to 28/02/2023 during 11:00 A.M. to 03:00 P.M. on payment of Rs. 2000/- (Two Thousand) only in the shape of Bank draft payable to the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi.

Tender will be opened in the Office Chamber of the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi in presence of tenderers or their representatives on the same date i.e., on 28/02/2023 at 04:00 P.M.

The undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

Memo No. : JSOU/R(T-01)/2023/52
Date : 13/02/2023

Registrar
Jharkhand State Open University,
Ranchi

**JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY**

(Established by the Government of Jharkhand & Recognised as per Jharkhand Act, 12, 2021)

Address: - Jharkhand State Open University, Opp.Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006, Email- registrarjsou@gmail.com, Ph.No.-8929006645

**Short Tender Notice**

Sealed Tenders are invited in two bid systems from the reputed Firms/Dealers for supply of Electronics and Electrical Items to the Jharkhand State Open University. Tender papers may be obtained from the University Office from 14/02/2023 to 28/02/2023 during 11:00 A.M. to 03:00 P.M. on payment of Rs. 2000/- (Two Thousand) only in the shape of Bank draft payable to the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi.

Tender will be opened in the Office Chamber of the Registrar, Jharkhand State Open University, Ranchi in presence of tenderers or their representatives on the same date i.e., on 28/02/2023 at 04:00 P.M.

The undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

Memo No. : JSOU/R(T-01)/2023/52
Date : 13/02/2023

Registrar
Jharkhand State Open University,
Ranchi



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## केमिकल लदा टैंकर जब्त, चालक गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत ढोढाकोला हदहदवा नाला के समीप वन विभाग की टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर केमिकल लदे एक टैंकर को जब्त किया है। वहीं चालक को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त वाहन में चंदवारा से केमिकल लोड करके ढोलकोला की तरफ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान हदहदवा जंगल के पास इसे जब्त किया गया। रेंजर ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि एक टैंकर में केमिकल लोड कर जंगल की तरफ जा रहा है। जंगल के पास से गश्ती दल को देखकर चालक गाड़ी को भगाने लगा जिसे काफी दूर पीछा कर जंगल के पास जब्त किया गया। जबकि चालक राजकुमार बढ़ही पिता स्वर्गीय छोटू बढही ग्राम गोलवाढाव डोमचांच को गिरफ्तार किया गया। वहीं गाड़ी को जप्त करके वन परिसर लाया गया. गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है ।सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 छात्र-छात्राओं को कैनवास जापान पेंटिंग प्रतियोगिता में सफलता छापामारी अभियान में वनपाल सुरेंद्र प्रसाद, उस्मान अंसारी, किशोर कुमार यादव, छत्रपति शिवाजी, गोपाल यादव आदि मौजूद थे। उक्त केमिकल का क्या उपयोग होना था, यह जानकारी नहीं मिल पायी है। पर बताया जाता है कि बड़े पैमाने पर नकली मोबिल, ग्रीस आदि के निर्माण में इसका उपयोग किया जाता है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 छात्र-छात्राओं को कैनवास जापान पेंटिंग प्रतियोगिता में मिली सफलता



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 21 छात्र-छात्राओं को कैनवास जापान पेंटिंग प्रतियोगिता में सफलता मिली है। इसमें 3 छात्रों को आउट स्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। जबकि अन्य विजेताओं को भी सर्टिफिकेट दिया गया है। सोमवार को स्कूल कैंपस में निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सफल बच्चों में दीक्षा रानी सिंह, समृद्धि सिंह, दिव्यंका बक्शी, आकांक्षा कुमारी, आयुषी कुमारी, किशन कुमार, विशाल आनंद, एमडी फरहान, अनुष्का प्रगति, आयुषी कुमारी, ऋषिका कुमारी, सृष्टि मिश्रा, मुस्कान कुमारी, आयुष कुमार, परी कुमारी, रिद्धिमा, अर्चना कुमारी, अभिनव कुमार, वंदना रानी, प्रिया श्रीवास्तव और पुलकित कुमार सोनी के नाम शामिल हैं। इसमें पुलकित कुमार सोनी और अभिनव कुमार समेत तीन बच्चों को आउट स्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए मेडल भी दिया गया है। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सीमा जैन, कुंतल जेठवा विशेष रूप से मौजूद थी। यह प्रतियोगिता शिक्षक प्रवीण कुमार और कुंतल जेठवा के मार्गदर्शन में हुई थी। शिक्षकों को भी सर्टिफिकेट दिया गया है।

## प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कोडरमा जिले के सरकारी विद्यालयों की छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन हो, इसके लिए प्रोजेक्ट रेल 2.0 के माध्यम से कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का गणित एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य, कला से अंग्रेजी विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्री बोर्ड परीक्षा दो पालियों में आ?ोजित किया गया। सभी विद्यालयों में प्रथम पाली में 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा ली गयी, वहीं दूसरी पाली में 12वीं की छात्र-छात्राओं का प्री बोर्ड परीक्षा संपन्न हुआ। बोर्ड परीक्षा के अनुकूल बोर्ड रॉल नबंर के अनुसार छात्र-छात्राओं को क्लास में कतारबद्ध बैठाया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा का अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व पीएमयू सदस्यों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में तीरंदाज दीपिका का हुआ स्वागत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में जानी मानी अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी का स्वागत वहां के सचिव सिद्धार्थ सिंह, निर्देशिका श्रीमती संपा सिंह तथा शिक्षकों ने किया। दीपिका कुमारी ने बच्चो को यह संदेश दिया कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए, ताकि आपका शरीर और मन दोनों से स्वस्थ रहें। उन्होंने बेटियों को हर खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। दीपिका कुमारी ने कहा बेटियां मजबूत होंगी तो घर मजबूत होगा और फिर समाज भी मजबूत होगा। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की।

## बाइक से गिर कर एक महिला घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत बांझेडीह प्लांट गेट नंबर 3 के समीप बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान यमुनी देवी (42, पति विनोद यादव चोरडीहा, बिहार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से घर की तरफ जाने के दौरान बांझेडीह प्लांट गेट नंबर 3 के समीप बाइक से महिला अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** थाना कांड संख्या 128/22 के प्राथमिकी अभियुक्त बिनोद यादव, उम्र 45 वर्ष पिता बासदेव यादव सा चन्द्रोडीह, अप्राथमिकी अभियुक्त सज्जन कुमार, उम्र 46 वर्ष पिता कृष्णा साव, सा- सपही, थाना डोमचांच और अप्राथमिकी अभियुक्त श्रवण कुमार, उम्र 37 वर्ष, पिता हरिहर प्रसाद साव उर्फ कारू साव सा सपही, थाना डोमचांच को छापामारी में गिरफ्तार किया गया। इन्हें न्यायिक हिरासत में कोडरमा जेल भेज दिया गया।

## एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढेंगा में स्किल डेवलपमेंट के तहत प्रमाण पत्र का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढेंगा बड़कागांव में शॉर्ट टर्म कोर्स के अंतर्गत बेसिक कंप्यूटर और इंटरनेट का एक माह का कोर्स एवं इंटर स्किल कॉलेज कंपटीशन मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बंटी कुमार विश्वकर्मा एवं साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एनटीपीसी आरएनआर डीजीएम एस. के. सेनापति एवं विशिष्ट अतिथि कॉरपोरेट आरएनआर बद्री प्रसाद को आईटीआई के अधीक्षक मिथिलेश कुमार उपाध्याय ने पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच बहुत ही प्रेरणादायक बातें कहीं गई जिससे छात्र-छात्राएं अपने आने वाले भविष्य में स्किल के महत्व को समझे। इस कार्यक्रम का संचालन आईटीआई के आईटी अनुदेशक प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर अनुदेशक मुकेश कुमार,अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास चौरसिया, संदीप मौर्या, महेश कुमार नायक, तरुण रंजन,उपेंद्र कुमार,शाहिद अख्तर, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता, सुनील सिंह, रवि प्रजापति आदि उपस्थित थें।

# सड़क दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** बीती रात 10.30 बजे जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत जोंगी पुल के पास एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार सवार चार व्यक्ति में दो व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में दो अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव (उम्र 50 वर्ष, पिता निर्मल यादव) और त्रिलोकी गोप (46, पिता स्वर्गीय केदार महतो) के रूप में हुई। जबकि घायलों में उपेंद्र यादव और गणेश यादव शामिल हैं जिन्हें हल्की चोट है। सभी ग्राम पेतुला चौपारण हजारीबाग के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार अपनी कार से कोडरमा रिश्ता के लिए आए थे और रिश्ता की बात करके वापस घर लौटने के क्रम में जोंगी पुल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। कार में 4 लोग सवार में दो लोगों की सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई जबकि दो का इलाज चल रहा है। अस्पताल पहुंचते ही वीरेंद्र यादव और त्रिलोकी महतो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस मिलने के बाद सोमवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## समाज रत्न से सामणित हुए किशोरी राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती पर राँची के सी.एम.पी.डी.आई. के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समाज मे उत्कृष्ट कार्य हेतु किशोरी राणा को जयपाल सिंह मुंडा समाज रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। किसी कारण वश झारखंड से बाहर रहने के कारण से यह अवार्ड उम्मीद फाउंडेशन के सचिव निरंजन भारती ने हजारीबाग स्थित नव झारखंड फाउंडेशन कार्यालय में आकर सम्मानित किया। उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा हमारा संस्था खेल के क्षेत्र में युवाओं को अग्रसर करने का प्रयास करती है। विधित हो कि समाज रत्न से सम्मनित किशोरी राणा पिछले दो दशक के अधिक समय से भी सामाजिक कार्यो में समाज के उत्थान के लिए झारखण्ड सहित मुम्बई व अन्य राज्यो में कार्य कर रहे हैं इस बाबत समाज रत्न से सम्मानित किशोरी राणा ने कहा कि मैं उमीद फाउंडेशन के प्रति आभार प्रकट करता है। मुझे उनलोगों ने इस काबिल समझा और मुझे समाज रत्न जैसे उच्च सम्मान से मुझे सम्मानित किया। आगे उन्होंने कहा समाज के क्षेत्र में समाज के उत्थान में मेरा यह कार्य नरंतर जारी रहेगा। और मेरी यह कोशिश है समाज उत्थान में आगे भी इसी तरह से कार्य करता रहूं।

## पचड़ा में आयोजित ग्रामीणों की आमसभा स्थगित

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पचड़ा में आयोजित ग्रामीणों की आमसभा सोमवार को स्थगित हो गयी। पंचायत के मुखिया महेस प्रसाद साव ने कहा की ग्रामीणों की मांग है की कम्पनी के द्वारा समुचित स्तर पर आंकलन कर उचित मुवाबजा निति स्पस्ट करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मौके पर महेश प्रसाद साव, रामकिशुन साव, दशरथ साव, बैजनाथ राणा, संजय पासवान, संतोष कुमार साहू, बिहारी पासवान, छोटेलाल कुमार, सुरेश कुमार साहू, फुनेश्वर साव, मुकेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा डीह में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नवविवाहिता चांदनी कुमारी पिता जितेन्द्र ठाकुर ग्राम माया राम ठाकुर टोला राजधनवार निवासी की शादी बरकट्ठा डीह निवासी सुरज कुमार ठाकुर पिता सुखदेव ठाकुर की चार दिन पूर्व हिन्दू रीति रिवाज से शादी हुई थी। हाथ कि मेहंदी भी नहीं छपी थी कि सोमवार के सुबह चांदनी कुमारी ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों ने बताया कि हमलोग सुबह अपने काम में व्यस्त थे उसी समय उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बाबत नवविवाहिता चांदनी कुमारी के पिता जितेन्द्र ठाकुर ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि मेरी पुत्री की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। जिसके उसने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यूडी का मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## पूरा आजसू पार्टी सहिया दीदियों के साथ : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव ।** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के आह्वान पर बड़कागांव प्रखंड के स्वास्थ्य संघ ने भी 12 सूत्री मांग के साथ अनिश्चितकालीन धरना पूरे राज्य में स्वास्थ्य सहिया संघ द्वारा 23 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड के भी सहिया संघ द्वारा बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनिश्चितकालीन धरना जारी है। इस अनिश्चितकालीन धरना में आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा सहित अन्य कमिटी के लोगो ने पहुंचकर उक्त आंदोलन को गति देने की बात कही। मौके आजसू नेता संदीप कुशवाह ने कहा कि मैं और हमारा पूरा आजसू पार्टी आप लोग के साथ है। हम पूरा आजसू पार्टी के कार्यकर्ता आप सभी सहिया दीदियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है ।सरकार जब तक आप सभी के मांगों को नहीं पूरा करता तब तक इस धरने को आजसू पार्टी सहयोग करेगा। आगे उन्होंने कहा कि सरकार को इनकी हर मांगों को जल्द से जल्द पूरा कर देना चाहिए क्यूंकि कि हड़ताल में रहने के बाद स्वास्थ्य विभाग चरमरा गया है। लोगों को टीका दिलवाने में भी समस्या हो रहा है। सहिया साथियों की सभी मांगे जायज है। 12 सूत्री मांग पत्र में प्रति सहिया को प्रोत्साहित राशि 2000 के जगह पर 20,000 मानदेय, सहिया साथी का कार्य दिवस 30 दिन एवं मानदेय 24000, सहिया एवं साथी को राज्य कर्मी का दर्जा देने, सहिया को ईपीएफ तथा पेंशन लाभ देने, एक ठोस सहिया नियमावली विधानसभा से पारित करने, वीएचएसएएनडी फंड 10,000 से बढ़ाकर 25000 करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। ज्ञात हो कि पूरे राज्य में 42,000 स्वास्थ्य सहिया इस आंदोलन में शामिल हैं जिसमें बड़कागांव प्रखंड से भी 268 स्वास्थ्य सहिया इस आंदोलन को गति दे रहे हैं। आज के धरना में मुख्य रूप से अध्यक्ष विमला देवी, सचिव मंजू देवी, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, तुलेश्वर राम, सुरेश महतो, सुशीला देवी, मीरा कुमारी, राधिका मेहता, गीता देवी,रीना देवी, रीना देवी, तरुण आरा, चांदनी देवी, रीता देवी, अभिलाष देवी, ममता देवी, शांति देवी, मंजू देवी, पिंकी देवी, कांति देवी, रूबी देवी, बीना देवी सहित सैकड़ों सहिया शामिल थे ।

# म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश

## उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहनालय सभागार मे हुई। बैठक में परिशोधन, सुखाड़ राहत, पीएम किसान, म्यूटेशन, ई कोर्ट, ई केवाईसी मामलों की समीक्षा की। म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के सीओ से नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अंचलाधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जनता की समस्याओं को सॉल्विंग अप्रोच के साथ करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभूकों के लिए सहायता राशि अंतरण को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं प्रक्रियाधीन लंबित आवेदन को समन्वय स्थापित कर निष्पादित करने को कहा गया। आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजना में भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रभावितों को मिलने वाली भूमि व निर्मित मकानों, दुकानों का मुआवजा राशि सहित वन विभाग से एनओसी के लिए प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित एजेंसी, अंचल कार्यालय की ओर से पहल कर परियोजना को समय पर पूरा करने एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अवॉर्ड रैयतों का मुआवजा राशि भुगतान के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा पथ निर्माण, विद्युत वितरण, संचरण आदि परियोजनाओं के लिए भू अर्जन सहित रैयतों को मिलने वाली मुआवजा राशि भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। एनटीपीसी के साथ बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सोमवार को हुई बैठक में प्राथमिकता वाले गांवों का पुनर्वासन, जिला भू अर्जन द्वारा भूमि अधिग्रहण व अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। उपायुक्त ने चुरचू, उपरीडाड़ीकलां, उरूब में ग्रामीणों के पुनर्वासन आदि के संबंध में जानकारी ली। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना में विस्थापित हुए ग्रामीणों को विभिन्न कॉलोनियों में बसाया जा रहा है इस कार्य में आ रही कुछ समस्याओं को एनटीपीसी के अधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष रखा उन्होने बताया कि विस्थापितों को विस्थापन प्रमाण पत्र, आरएनआर कॉलोनी के मकानों का रजिस्ट्री, पीएएफएस द्वारा आबंटित आवासों का म्यूटेशन आदि कार्य कराने का अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को भी सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए सीओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया एवं जल्द ही सभी बिन्दुओं पर कारवाई करने की बात कही। बनादाग 2, जुगरा व अरहरा में भू अर्जन मामलों पर भूमि अधिग्रहण संबंधी अधतन स्थिति की जानकारी दी गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावे, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, डीएलएओ बिनोद कुमार, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही डीसीएलआर, सभी अंचलाधिकारी मौजूद थे।

## जल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से प्रखंड कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को लेकर सभी गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट संरचना का निर्माण किया जाना है इसी के तहत पीएचडी विभाग के द्वारा प्रखंड कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी विधिवत शुभारंभ प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ शाईनी तिग्गा, जिप सदस्य रामप्रसाद, बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में विभाग के द्वारा नियुक्त जिला कोडिनेटर आशीष कुमार ने सभी अपशिष्ट संरचना निर्माण के उपयोगिता को विस्तार से बताया और साथ ही उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं जलसहिया से इसका अधिक से अधिक उपयोग हो इसका भी ग्राम स्तर पर कार्यशाला करना है । पंचायत के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों, मंदिर एवं मस्जिद में इसका निर्माण करना है । उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने की बात कहा । मुखिया सुरेश यादव, ममता कुमारी, कुमारी माधुरी, स्वास्तिका कुमारी, रेखा देवी, कांती देवी, सुमित्रा देवी, पंसस विनय कुमार, शोभा देवी, मंझली देवी, जेई दिनेश एक्का, पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी, सुधीर राय, सुनील कुमार, पियुष कर्ण, शांशक भुषण, विश्वजीत दुबे, अर्जुन प्रसाद, शिवशंकर पांडेय, विजय रवि, अनिल कुमार समेत सभी जल सहिया, पशु सखी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय में शैक्षणिक किट का किया वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय धर्मपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच सोमवार को शैक्षणिक किट का वितरण धर्मपुर मुखिया कांति देवी के द्वारा किया गया। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच 454 किट और 9-12 के छात्र छात्राएं के बीच 594 किट का वितरण किया गया है। शैक्षणिक किट में अभ्यास पुस्तिका, रबर, कटर, कलम, औजार बॉक्स शामिल है। मुखिया ने सभी शिक्षकों से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निर्धन परिवार से आते हैं, इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। वहीं उन्होंने बच्चों को कहा कि प्रतिदिन ससमय विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करें। मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विवेक यादव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव वार्ड सदस्य तिलरी देवी कंचन देवी प्रकाश साव सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## संस्था मानव विकास और गूंज संस्था, दिल्ली के सहयोग से गरडीह में सड़क मरम्मती का कार्य जारी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक स्वयंसेवी संस्था मानव विकास और गूंज संस्था दिल्ली के सहयोग एवं प्रेरणा से इचाक प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव गरडीह में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों के उपेक्षा के कारण आजादी के 70 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन गांवों में सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है। कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद सड़क निर्माण का कार्य नहीं हो सका। इसी बीच मानव विकास संस्था और गूंज संस्था की नजर इस गांव पर पड़ी एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर आवागमन की दयनीय स्थिति को देखते हुए सड़क निर्माण के कार्य प्रारंभ करवाया गया। यह सड़क फुफंदी से गर्डीह तक कुल 7 किलोमीटर है। जिसमें रोजाना लगभग 60 से 70 मजदूर सड़क निर्माण के लिए अपना श्रमदान कर रहे हैं। अभी तक लगभग 5 किलोमीटर तक सड़क निर्माण का कार्य पुरा हो चुका है। शेष कार्य चार से पांच दिनों में पुरा करने की योजना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की कच्ची सड़क होने के कारण बरसात में आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण हो जाने से आने जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीवीसी कोनारडैम के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच सह मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उदघाटन मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डीवीसी एसआर के तहत विकास के कार्य किये जाते हैं ।प्रत्येक वर्ष कोनार डैम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर लोगो को लाभ पहुंचाने का काम किया जाता है इस बार भी एक सो लोगो को मोतियाबिंद का ऑपरेशन पुरुलिया के नेताजी आई हॉस्पिटल में ले जाकर कराया जायगा ।ऑपरेशन के एक माह के बाद पुनः आँख की जांच कर चश्मा दी जायगी ।आज के समय मे डीवीसी एसआर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो पर उन्होंने कहा कि और अधिक तेजी लाई जाय एवं राशि को बढाने की जरूरत है इतनी कम राशि पर्याप्त नहीं है। मौके पर जिप सदस्य शेख तैयब, गोमिया जिप सदस्य विमला देवी, मुखिया कुँवर हंसदा, बिजु होलकर डीजीएम सीएसआर, छोटेलाल हांसदा, डॉ बी मण्डल, सुनील कुमार सीएसआर बिटीपीएस,रातू सोरेन, नारायण गंझू, कौशल कुमार, टेकलाल महतो, बिरजू गंझू, दामोदर महतो, सरयू प्रसाद, देगलाल महतो, बीरेंद्र कुमार, कैलाश महतो, भोला महतो, नारायण महतो आदि उपस्थित थे।

## स्व. विश्वनाथ मोदी की पुण्यतिथि आज



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और कोडरमा से तीन बार विधायक रहे स्व. विश्वनाथ मोदी की 12वीं पुण्यतिथि मंगलवार को झुमरीतिलैया में मनाई जाएगी। स्व. विश्वनाथ मोदी का जन्म 20 जुलाई 1920 को हुआ था और 14 फरवरी 2011 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी। स्वतंत्रता आंदोलन 1942 में वे 8 महीने तक जयप्रकाश नारायण के साथ हजारीबाग जेल में रहे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने आंदोलन कारियों के साथ डोमचांच में डाकघर को आग लगाया था। गिरफ्तारी के पहले अंग्रेजी हुकूमत ने उनकी खूब पिटाई करवाई और मरा समझकर गाड़ी पर फेंकवा दिया। कुछ दिनों बाद उनके जीवित होने की खबर आई तो पूरे इलाके में दीए जलाए गए थे। स्व. मोदी ने जीवनभर अभ्रख मजदूरों, किसानों के शोषण के खिलाफ लड़ाई लडी। वहीं 1975 में आपातकाल के दौरान वे डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ भागलपुर व हजारीबाग जेल में बंद रहे थे। स्व. मोदी 1967, 1969 एवं 1977 में कोडरमा से विधायक रहे। 1977 में उन्होंने बिहार विधानसभा के लोक लेखा समिति के सभापति का भी दायित्व निभाया। 1965 में झुमरी तिलैया में कांग्रेस हटाओ देश बचाओ आंदोलन चलाया तथा 1969 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र शर्मा के विरोध में चुनाव लडा था। कहा जाता है कि उस समय कांग्रेस की ओर से इंदिरा गांधी प्रचार के लिए झुमरीतिलैया पहुंची थी। एक तरफ इंदिरा गांधी का भाषण चल रहा था वहीं दूसरी ओर विश्वनाथ मोदी का। इनकी आवाज में बुलन्दी थी और तब श्रोताओं की संख्या दूसरी सभा से कम नहीं थी। स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ मोदी को पर्यावरण से भी काफी लगाव था और गांधी स्कूल रोड स्थित अपने आवास परिसर के 14 एकड़ में लगभग सात हजार पौधे लगाये थे, जिसमें अभी सैकड़ों वृक्ष काफी बड़े हो गए हैं। उन्होंने 1977 में पांच साल में नया हिंदुस्तान कैसे बने पुस्तक लिखी थी। वहीं 1999 में जनता जाने बड़े नेताओं के बड़े अपराध पुस्तक भी लिखी थी जिसमें उन्होंने 1942 से 1999 तक देश में घटी महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र किया था। स्व. विश्वनाथ मोदी ने झारखंड राज्य बनाने का सपना भी देखा था और अलग राज्य के लिए लोगों को एकजुट करने का भी काम किया। वे अपने जीवन के आखिरी समय तक समाज के लिए सक्रिय रहे। झुमरीतिलैया में उनकी प्रतिमा लोगों को अब भी प्रेरित करती है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# आजसू से बना है रामगढ़ की पहचान : सुदेश

## आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने किया बरलंगा क्षेत्र का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को बरलंगा थाना क्षेत्र के सुथरपुर,नेमरा, उपरबरगा,हेठ बरगा आदि गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में विकास का पहिया थम गया है। इसको गति देने के लिए एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जिताना होगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में विकास की लंबी लकीर आजसू ने खिंची है। जिससे पूरे राज्य में यह विधानसभा सबसे आगे हुआ करता था। लेकिन पिछले तीन सालों में कांग्रेस ने यहां के लोगों को सिर्फ धोखा ही दिया। यहां के लोगों को ठगा गया। जिसका जवाब लोग इस चुनाव में देने का मन बना चुके है। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुदेश का गांव के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही चुनाव में समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। जनसम्पर्क के दौरान काफी संख्या में लोगों की भिंड थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुदेश के आने के बाद यह क्षेत्र में प्रभाव पड़ सकता है। यह क्षेत्र सिल्ली से काफी सटा है।

# महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित : सुबोधकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** रामगढ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित है ।उक्त बातें सोमवार को देश के पूर्व गृह राज्य मंत्री सुबोधकान्त सहाय ने गोला में कॉग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ बैठक में कही।उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में ममता देवी ने विधायक रहते जितना विकास का कार्य करवाया है उतना तो तीन बार विधायक सह मंत्री के रहते नही हो पाया था।उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार जिस तरह से विकास कार्य की गंगा बहा रही हैं।उससे यहाँ की जनता काफी संतुष्ट हैं।और इसका जवाब वे 27 फरवरी को अपना बहुमूल्य वोट देकर करेगी।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ममताबदेवी को विपक्षी पार्टियों ने मिलकर एक षडयंत्र के तहत फंसाया है।और यह उपचुनाव भी उसी की देन हैं।लेकिन यहाँ की जनता सब जान चुकी हैं।और वे अपने दुख सुख के साथी बजरंग महतो को फिर से समर्थन देगी।बैठक के बाद वे कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान में निकल गए। मौके पर कॉग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर,चुनाव प्रखंड प्रभारी चितरंजन दास चौधरी, मुन्ना पासवान, कमाल शहजादा, जाकिर अख्तर,संतोष सोनी,गुलाम सरवर,भीखू चिंगारी,एहतेशाम अंसारी,शंकर करमाली, मशरूल अली रजा, वीगन स्वर्णकार,मधु चौधरी, आदि मौजूद थे।

# बसरिया सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**टंडवा।** टंडवा से लौटने के क्रम में शनिवार की रात्रि बसरिया मोड में मोटरसाइकिल सवार हाइवा के चपेट में आने से दो युवा की दर्दनाक मौत मौके पर हो गयी।जानकारी के अनुसार ग्राम बन्हे टोला पाही के संजय कुमार, पिता गणेश उर्फ गुनवा महतो, केवल उर्फ झगडू कुमार, पिता गणेश उर्फ बुचा महतो का नाम बताया गया है।रात्रि में घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा नौकरी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है। जिससे पिपरवार चतरा टंडवा की मुख्य सड़क पर दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतार खड़ी हो गयी है।समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार परिजनों से बात करने के लिये कोई अधिकारी नही पहुंचे।दो युवा के दुर्घटना में मौत से बान्हें गाँव में मातम पसर गया है।

# आम जनता की समस्या निदान करना पहली प्राथमिकता विधायक अंबा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू ।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद सोमवार को पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में जनता की समस्याओं से रूबरू हुई। विधायक ने कहा कि जनता का समस्याओं का निदान करना ही पहली प्राथमिकता है, जनता को समस्याओं के लिए भटकना ना पड़े इसलिए मैं हर सोमवार को विधायक आवासीय कार्यालय में सुबह से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक जनता के समस्याओं से रूबरू हो रही हूं और तत्काल जनता की समस्याओं को निराकरण करने का काम कर रही हूं। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को विधायक के पास रखी जो कार्य तत्काल होने लायक थी उसे त्वरित कार्रवाई कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का काम की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, कमलेश राम, इमरान अंसारी, रमेश बेदिया, मोबिन खान, प्रदीप साव, हरिदास साव, रामशरण गिरी, निर्मला देवी, सोनी देवी, समीउल्लाह अंसारी, प्रदीप महतो, अशोक प्रसाद, सोनू अंसारी, जितेंद्र कुमार एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीवीयूएन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बस्ती स्थित दुर्गा मंडप परिसर में सोमवार को पीवीयूएनएल के द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 200 ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच करायी। वही 40 लोगों का पैथोलॉजी संबंधी जांच की गई। शिविर में डॉ सुजाता, डॉ तोहिद, डॉ तुषार एवं डॉ श्वेता ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर आवश्यकता के अनुसार ग्रामीणों को दवाई भी निशुल्क मुहैया कराई गयी। शिविर में पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार रोहित कुमार, गौतम कुमार, अनुपम कुमार आदि ने सहयोग किया। यह शिविर पीवीयूएनएल के अनुरोध पर अथर्व आई हॉस्पिटल के द्वारा किया गया।

## बुचा बांध स्थल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

# सनातन धर्म की मदद के लिये हमेशा तत्पर : मनीष जसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू ।** पतरातू के ब्लॉक मोड़ स्थित आस्था का केंद्र बुंचा बांध स्थल का वार्षिक महोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया । बाबा बुचा बांध प्रबंध समिति द्वारा आयोजित वार्षिक महोत्सव में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथी हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बुच्चा बांध के नवनिर्मित मुख्य द्वार व कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके पूर्व हजारीबाग सदर विधायक का शहीद भगत सिंह चौक पर समिति द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। वहीं पुरोहित सत्येंद्र पाठक व मंदिर के पाहन प्रेम मुंडा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म के लिए मदद के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने बुचा बांध सुंदरीकरण के लिए एक लाख रुपया सहयोग देने की बात कही ।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार, कटिया मुखिया किशोर कुमार महतो, जयनगर मुखिया हीरा देवी, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, वीर महान मुंडा, मुनीलाल सिंह, संतोष गुप्ता, उदय अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता, सरोज प्रसाद, महेश प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, पवन गुप्ता, रंजीत साव, सुशील सिंह, महानंद सिंह, मनोज साव, नरेश राम, गुलशन सिंह , पप्पू कुमार, नारायण साहू, दोलत सिंह, भोला सिंह, रवि दत्ता, वीरेंद्र पासवान, महेंद्र गोप, दिगंबर सिंह, कोलेश्वर महतो, रघु महतो सहित प्रबंधन समिति सदस्य के अलावे गणमान्य लोग शामिल थे।

# कांग्रेसियों ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान, बजरंग के पक्ष में मतदान करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के जारा बस्ती, रानी बागी, चर्च रोड, न्यू कॉलोनी, विकास नगर के सभी मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही घर घर जाकर सभी मतदाताओ को महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। मौके पर बलराम साहू ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में महागठबंधन के प्रति जबरदस्त उत्साह है। बजरंग महतो भारी मतों से विजयी होने वाले है। इस अवसर पर मुख्य रुप से प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनु विश्वकर्मा, उपेंद्र वर्मा, अनिल मुंडा, जेके अग्रवाल, संजीव खंडेलवाल, संजय वर्मा, दानिश कुरेशी, सोनू सिंह, दीपक प्रकाश, मुकेश प्रजापति, मनीष पासवान, दीपक शर्मा, सुमित सिंह, रीना देवी, बबन राम, राजा करमाली, नूकुल महतो, मन्ना मंसूरी, संकेत सुमन, अजय बावला, गुलाम अली, दीपक शर्मा, रीना देवी, अनुराग कुमार आदि शामिल थे।

# दो दिनों में 50 एकड़ में लगी पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट

## कुंदा पुलिस व प्रतापपुर वन विभाग कर्मियों ने संयुक्त चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



### अभियान में ये रहे उपस्थित

मौके पर प्रभारी रेंजर जगरनाथ प्रसाद, प्रतापपुर रेंजर आरबी पासवान, प्रभारी वनपाल सुबोध सोनी, समेत सभी वन रक्षी, चौकीदार, जिला बल व सैट के जवान शामिल थे।

**चतरा।** कुंदा पुलिस व वन विभाग और प्रतापपुर ने सँयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान दो दिनों में 50 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया.मरगड़ा गांव के वनक्षेत्र 26 व हेंदीयाकला गांव के वनक्षेत्र में 24 एकड़ में लगी पोस्ता खेती को आठ ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट किया गया.पोस्ता खेती माफियाओं द्वारा नदी किनारे व घने जंगल मे किया गया था.जहां पुलिस व वन विभाग को पहुँच काफी कष्ट से गुजरना पड़ा.यह अभियान पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उत्तरी वन क्षेत्र के डीएफओ राहुल कुमार मीणा के निर्देश पर चलाया गया.थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिला था कि उक्त गांव के वन क्षेत्र व कुछ निजी क्षेत्र में भारी मात्रा में पोस्ता खेती माफिया द्वारा लगाया गया है इसी के आलोक में वन विभाग व पुलिस के सँयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता नष्ट किया गया.आगे उन्होंने ने बताया कि पोस्ता खेती को ड्रोन कैमरे के सहयोग से पोस्ता खेती को खंगाल कर नष्ट किया जा रहा है.इस दौरान उन्होंने पोस्ता के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है. ग्रामीणों के साफ तौर पर कहा कि पोस्ता खेती करना कानून जुर्म के अलावे इससे मानव जीवन काफी हानिकारक है.क्षेत्र में पोस्ता खेती लगने होने के सूचना देने की बात कही है सूचना देने वालों की नाम गुप्त रखी जाएगी।

### पोस्ता माफिया अभियान को रोकने रास्ते को कर रहे है अवरुद्ध, जमीन में लगा रहे है कील

पोस्ता के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते देख माफिया में हड़कंप मचा है.अभियान को रोकने के लिये पोस्ता माफिया द्वारा सड़क पेड़ गिराकर अवरुद्ध के अलावे अभियान में शामिल वाहन के टायर को पंचर करने हेतु जमीन में कील(कांटी) लगाकर पंचर कर दिया जा रहा है.रविवार को अभियान से लौट रहे ट्रैक्टर के बिचले टायर में तीन बड़ी कील(कांटी) घुस जाने से पंचर हो गया जिसके कारण काफी दिक्कत हुई।

# 11 वां महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारी में जुटे जय श्री महाकाल मंडली



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जय श्री महाकाल मंडली के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 वां महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारी में लगी है। इस लेकर जय श्री महाकाल मंडली ने रविवार की देर शाम शहर झंडा चौक स्थित एलआईसी भवन के समीप बैठक आयोजित की। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। जिला प्रशासन के आदेशानुसार ही महोत्सव को मनाया जाएगा। विशेष कर प्रमुख मुद्दा यातायात का है। मण्डली इस बार प्रसासन से अनुरोध करेगी कि 18 फरवरी को भंडारा जागरण कीर्तन की समापन तक अपना सहयोग दे। इसके लिए विधि सम्मत कार्रवाई अपने आदेश अनुसार करे।कार्यक्रम 17 फरबरी को सुबह 9 बजे अग्निदेव की पूजा के बाद भंडारा का प्रसाद बनाने का कार्य आरंभ होगा। वही, 18 फरवरी को सुबह 9 बजे बाबा महाकाल के दरबार की पूजा 10 बजे, भंडारा 2 बजे भोग के साथ आरती शाम 6 बजे महाआरती के साथ दूध भांग का प्रसाद और पुष्प वर्षा के साथ झांकी व जागरण का शुभ आरंभ होगा, जो रात्रि 11 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का समापन 12 बजे रात्रि कलश पूजन के साथ समापन किया जाएगा।

# विद्युत विभाग के सब स्टेशन में आग लगी, केबल का ऊपरी परत जला



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना के बगल में स्थित विद्युत सबस्टेशन में सोमवार की दोपहर तार के स्पार्किंग से आग लग गयी। निकली चिंगारी के कारण सब स्टेशन के 33/11 केवी के केबल में आग लग गयी। आग लगते हैं इसकी सूचना वहां कार्यरत कर्मचारी बिहारी करमाली ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और फायर फाइटिंग दस्ते को दी। तत्कालीन अधिकारियों और फायर फाइटिंग दस्ते ने वहां पहुंचकर आग को थोड़े ही देर में काबू कर लिया। बताया जा रहा है कि 33 केवी लाइन खलारी भुरकुंडा और सोलिया से जुड़ा है। जबकि 11 केवी का लाइन पतरातू कॉलोनी एक और दो सहित डैम फीडर से जुड़ा हुआ है। आग लगने के कारण इन जगहों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रही। आग पर काबू पाने में सीआईएसएफ की टीम ने काफी सहयोग किया।

# एसभीएम पब्लिक स्कूल में समारोह पूर्वक 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदायी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर भुरकुंडा स्थित एसभीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को दशम वर्ग के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक आरके शर्मा व सचिव इंदु शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर आरके शर्मा व इंदु शर्मा ने 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक से पास करने व जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करने का आर्शीवचन देते हुए उपहार देकर भावभानी विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मंच संचालन कर रहे अविनाश पांडेय ने विद्यार्थियों को कड़ी लगन और मेहनत कर सफलता प्राप्त करने का आर्शीवचन दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक गुरेन्द्र सिंह, हेमंत वर्मा, सुनिल वर्मा, नंदिनी वर्मा, पलविंद्र कौर, मधुसागर, अलिला, संध्या आदि ने 10वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# फाइलेरिया व कृमि से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को खिलायी गयी की दवा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित एह्ल ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को कृमि व फाइलेरिया से बचाव को ले सभी उम्र के बच्चों को दवा खिलाई गई। मौके पर प्राचार्य विजंयत कुमार ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार के रोगों से निदान हेतु समय-समय पर टीका और दवाई उपलब्ध कराई जाती है ताकि आने वाला समय इस प्रकार के रोगों से मुक्त हो जाए। मौके पर पतरातू प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मी संजय दांगी, मतकमा निवासी सहिया साथी रेखा देवी, चिकोर गांव की सहिया नीलम देवी, सेविका संध्या देवी आदि ने बच्चों को दवा दी। कार्यक्रम के तहत करीब 550 बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को दवा खिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, वर्षा टेटे, सपना मिंज, गीता प्रसाद, बबीता, गीता, सरिता, कविता, काजल, नीतू, सीमा हेंब्रम, अंजलि सिन्हा, सीमा मुंडा, धर्मेश कुमार सोनी, जयकिशोर महतो, विश्वक्सेन, अजीत कुमार, सुनील कुमार, अनुराग कुमार, कृष्णा कुमार, वैभव कुमार सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

# ए ला एंग्लाइज स्कूल में लायंस क्लब का इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट कलेक्शन कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में सोमवार को जिम्मेवारी हमारा स्वस्थ हो संसार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा व प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन निर्मल अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थें। क्लब के सदस्यों ने स्कूल के बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओ को हम कचरा के रूप में कबाड़ी को बेच देते हैं या फिर फेंक देते हैं। कबाड़ी वाला भी पुनः उपयोग की जाने वाली कस्तुओ को छोड़कर बाकी सामानो को नदी, तालाब, कृषि भूमि और जहां तहां फेंक देते हैं। जिसके कारण विकिरण व जहरीला प्रदुषण फैलता है। इलेक्ट्रॉनिक कचरा से सामान्य जनजीवन विकिरण द्वारा प्रभावित होता है जो जानलेवा है। कहा गया कि बेकार पडे.इलेक्ट्रॉनिक वस्तु मोबाइल, टीवी, कंप्युटर, रिमोट, कीबोर्ड, लैपटॉप सहित अन्य सामानो को हमें दान दें। हम इन वस्तुओं को उचित ढंग से निस्तारण करेंगें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने घर को कबाड़ खाना ना बनायें सुरक्षा अपनायें, हमें इलेक्ट्रॉनिक कचरा हटाना है स्वस्थ जीवन जीना है, जिम्मेवारी हमारा स्वस्थ हो संसार का नारा भी बुलंद किया। क्लब के सदस्यो ने बच्चो से अपने घर के इलेक्ट्रॉनिक कचड़ा को ई वेस्ट कलेक्शन के तहत ए ला एंग्लाइज स्कूल भुरकुंडा, राज नर्सिंग होम, ए वाई इंडस्ट्रीज पटेलनगर और ओम प्लाई पटेलनगर मे दान देने की अपील की। कहा गया कि लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा अपना वाहन भेज आपके घरो से सामान कलेक्ट कर लेंगे। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि जिन लोगो को मोतियाबिंद हो वे क्लब से संपर्क करें इसका लाभ उठा सकते हैं। मोतियाबिंद का ऑपरेशन पूरी तरह से निःशुल्क कराया जायेगा। मौके पर अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन निर्मल अग्रवाल, लायन अखिलेश शर्मा, लायन प्रमोद शर्मा, लायन शिवा प्रसाद, लायन एचएन यादव, लायन विजय प्रसाद वर्णवाल, लायन संजय सिंह, लायन संजय कुमार, लायन सोनाराम मांझी, लायन अजय सिंह आदि मौजूद थें।

# महाराष्ट्र : नये महामहिम

लंबे इंतजार के बाद रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। उनकी जगह झारखंड के मौजूदा राज्यपाल रमेश बैस को दी गयी है। हालांकि इसके साथ ही 13 राज्यों में राज्यपाल बदलने का फैसला हुआ है, इसलिए औपचारिक तौर पर इसे नियमित फेरबदल का हिस्सा ही बताया जायेगा, लेकिन तथ्य यही है कि महाराष्ट्र में यह बदलाव आवश्यक हो गया था। इसके लिए विपक्ष लगातार दबाव बनाए हुए था और सत्तापक्ष का भी बड़ा हिस्सा भीतर ही भीतर इसके पक्ष में था। इस लिहाज से कोश्यारी का कार्यकाल अनूठा कहा जायेगा कि लगभग तीन साल की अवधि में उनके फैसलों और बयानों ने न केवल विरोधी पार्टियों को उद्वेलित किया, बल्कि सत्ता पक्ष को असुविधाजनक स्थिति में डालने में भी कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले पर दिये उनके बयानों ने राज्य के गैर-राजनीतिक माने जाने वाले हलकों में भी नाराजगी पैदा कर दी। उनका यह बयान भी खासा नुकसानदेह साबित हुआ कि अगर मुंबई से राजस्थानी और गुजराती लोग निकल जायें, तो यह देश की वित्तीय राजधानी कहलाने लायक नहीं रह जायेगी। इन विवादों की वजह से कोश्यारी का पद पर बने रहना मुश्किल होता गया और कुछ समय बाद उन्होंने खुद पद छोड़ने की इच्छा जता दी। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि उन्हें जल्द से जल्द पद की जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाये। इस लिहाज से देखें तो रविवार को आया राष्ट्रपति का फैसला ऐसा है, जिससे सभी पक्षों ने राहत ही महसूस की, लेकिन इसी मौके पर अन्य राज्यों में हुई राज्यपाल की नियुक्ति के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। कुल 13 राज्यों में राज्यपाल बदले गये हैं, जिनमें से सात राज्यों में तबादले से काम चलाया गया। यानी वहां भेजे गये राज्यपाल पहले किसी और राज्य में इसी पद की शोभा बढ़ा रहे थे, जो छह नये चेहरे राजभवनों में भेजे गये हैं, उनमें एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं, तो चार बीजेपी नेता। पूर्व न्यायाधीश पिछले महीने ही सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए हैं। निश्चित रूप से यह कोई पहला मौका नहीं है सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज को राजभवन भेजे जाने का, न ही किसी भी रूप में ऐसा कहा जा सकता है कि रिटायर्ड जज राज्यपाल पद के साथ न्याय करने में सक्षम नहीं हैं। फिर भी यह बात कही जाती रही है कि राज्यपाल पद और सुप्रीम कोर्ट जज दोनों की गरिमा के लिए बेहतर होगा कि किसी जज को रिटायरमेंट के बाद राज्यपाल या अन्य पद सौंपते हुए न्यूनतम छह महीने या साल भर का अंतराल रखा जाये। अगर ऐसा हुआ होता तो इस नियुक्ति पर विवाद का साया न पड़ा होता।


**कुल 13 राज्यों में राज्यपाल बदले गये हैं, जिनमें से सात राज्यों में तबादले से काम चलाया गया। यानी वहां भेजे गये राज्यपाल पहले किसी और राज्य में इसी पद की शोभा बढ़ा रहे थे, जो छह नये चेहरे राजभवनों में भेजे गये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इटली की उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2011 में अधीनस्थ अदालत के उस फैसले को नामंजूर कर दिया, जिसमें खाना चुराने के आरोप में एक भूखे व्यक्ति को छह माह के कारावास की सजा सुनायी गयी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि भूखे द्वारा खाना चुराने को अपराध नहीं माना जा सकता। दूसरा उदाहरण है बिहार का। नालंदा के न्यायाधीश ने बीमार मां के खाने और दवाई के लिए चोरी करने वाले युवक को सजा मुक्त कर दिया। इतना ही नहीं अदालत ने युवक को कपड़े, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराने के भी आदेश दिये।**

# मौत की सजा से नहीं रुकेंगे जघन्य अपराध

**योगेंद्र योगी**



**दुनिया में 97 देश ऐसे हैं, जिन्होंने मौत की सजा को खत्म कर दिया है। इन देशों में किसी भी अपराध के दोषी को मौत की सजा नहीं दी जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि इन देशों की सरकारों को यह समझ में आ गया कि फांसी देने से अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। साथ ही अपराध का जो कारण प्रत्यक्ष दिखायी देता है, सिर्फ उतना ही नहीं होता।**

इटली की उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2011 में अधीनस्थ अदालत के उस फैसले को नामंजूर कर दिया, जिसमें खाना चुराने के आरोप में एक भूखे व्यक्ति को छह माह के कारावास की सजा सुनायी गयी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि भूखे द्वारा खाना चुराने को अपराध नहीं माना जा सकता। दूसरा उदाहरण है बिहार का। नालंदा के न्यायाधीश ने बीमार मां के खाने और दवाई के लिए चोरी करने वाले युवक को सजा मुक्त कर दिया। इतना ही नहीं अदालत ने युवक को कपड़े, राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराने के भी आदेश दिये।

ये दोनों मामले बताते हैं कि अपराध चाहे छोटा हो या बड़ा, उसकी जड़ में कौन-सी समस्याएं हैं। इन समस्याओं का समाधान किए बगैर अपराध मुक्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सारा दोष अपराधी के माथे पर मढ़ कर सरकारें अपराध के असली कारणों के निदान करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से भाग रही हैं। भारत में मृत्युदंड वार्षिक सांख्यिकी रिपोर्ट-2022 के मुताबिक निचली अदालतों ने साल 2022 में 165 लोगों को मौत की सजा सुनायी है। सबसे अधिक मौत की सजा उत्तर प्रदेश में (100 दोषियों को) सुनायी गयी। वहीं, गुजरात में 61, झारखंड में 46, महाराष्ट्र में 39 और मध्य प्रदेश में 31 दोषियों को मौत की सजा सुनायी गयी है। मामला बेशक मृत्युदंड का हो किंतु यह रिपोर्ट कहीं न कहीं देश के इन राज्यों के विकास की धुंधली तस्वीर भी दर्शाती है।

**भारत में मृत्युदंड वार्षिक सांख्यिकी रिपोर्ट-2022 के मुताबिक निचली अदालतों ने साल 2022 में 165 लोगों को मौत की सजा सुनायी है।**

गुजरात और महाराष्ट्र को अपवाद स्वरूप छोड़ दें, तो जिन राज्यों में मृत्युदंड की सजा देने के मामले बढ़े हैं, वे ज्यादातर बीमारू राज्य की श्रेणी में आते हैं। बीमारू राज्य से तात्पर्य उन राज्यों से है, जोकि विकास के मामले में सर्वाधिक पिछड़े हुए हैं। यह सालाना रिपोर्ट नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का हिस्सा है। यह यूनिवर्सिटी का वह ग्रुप है, जो आपराधिक कानून सुधार की बात करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2021 में देश के विभिन्न सैशन कोर्ट्स ने 144 दोषियों को मौत की सजा सुनायी।

वहीं विभिन्न हाइकोर्ट्स ने 6 मामलों में मौत की सजा सुनायी। इसके अलावा 29 दोषी ऐसे थे, जिनकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था। इन दोषियों को ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनायी थी, फिर दोषियों ने हाइकोर्ट में अपील की, जिसके बाद सजा में बदलाव हुआ। वहीं पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने किसी को भी मौत की सजा नहीं सुनायी है। जुर्म साबित हो जाने के बाद मौत की सजा वाले अपराधों से जुड़े मामलों में सजा सुनाना वाकई एक जटिल समस्या है। ट्रायल कोर्ट के जजों को यह फैसला लेना होता है कि क्या सिर्फ मौत की सजा ही न्याय के उद्देश्यों को पूरा करेगी या फिर आजीवन कारावास काफी होगा।

एक उचित मानदंड के रूप में, सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्धारित किया है कि सिर्फ 'दुर्लभतम में से दुर्लभ' मामलों में ही मौत की सजा दी जा सकती है। बाद के फैसलों में इस सिद्धांत को पुष्ट करने की कोशिश की गयी है कि किसी मामले को 'दुर्लभतम में से दुर्लभ' श्रेणी का मानने का एकमात्र मानदंड अपराध की भीषण प्रकृति नहीं हो सकती है। अपराधी, उसकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और उसकी मानसिक स्थिति भी इस संबंध में प्रमुख कारक है।

सवाल उठता है कि अपराधी अपराध करने से पहले क्या यह नहीं जानते कि जघन्य अपराधों के लिए फांसी की सजा हो सकती है। दूसरा बड़ा सवाल यह है कि पूर्व में फांसी दिये जाने के मामलों के बाद भी ऐसे गंभीर अपराध क्यों होते हैं। अपराधियों को फांसी दिये जाने के बावजूद दूसरे लोग इससे सबक क्यों नहीं सीखते। निर्भया हत्याकांड के बाद पूरे देश में भूचाल आ गया था। इसके बाद देश के कानूनों को संशोधित कर-के कठोर और व्यापक बनाया गया। इसके बाद भी देश में बलात्कार और बलात्कार के साथ हत्या के मामलों में कमी नहीं आयी। हाथरस कांड हो या दूसरे बलात्कार और हत्या के मामले आये दिन सुर्खियों में आते रहते हैं। लॉ यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि जिन 165 लोगों को मृत्युदंड की सजा से दंडित किया गया, उनमें से हर तीसरा शख्स यौन अपराधों से जुड़ा हुआ है। इससे जाहिर है कि यौन अपराधों के प्रति आपराधिक मानसिकता के लोगों में भय व्याप्त नहीं है।

सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती हुई जनसंख्या, मौजूदा सूचना-प्रौद्योगिकी के निरंतर बढ़ते दुरुपयोग, कमजोर पड़ते सामाजिक और पारिवारिक बंधन और भौतिकता की चकाचौंध सामान्य से लेकर गंभीर प्रकृति के अपराधों के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। मोबाइल संस्कृति के पनपने से विशेष कर किशोर और युवाओं में यौन भावनाओं को लेकर कुंठित करने का काम किया है। इसके अलावा नशीले पदार्थों के सेवन की निरंतर बढ़ रही सामाजिक और पारिवारिक स्वीकार्यता ने अपराधों के लिए आग में घी का काम किया है। शराब की कुसंस्कृति ने सामाजिक ताने-बाने को सर्वाधिक नुक्सान पहुंचाया है। सरकारों के लिए शराब राजस्व का बड़ा और स्थायी स्त्रोत बन गयी है।

दुनिया में 97 देश ऐसे हैं, जिन्होंने मौत की सजा को खत्म कर दिया है। इन देशों में किसी भी अपराध के दोषी को मौत की सजा नहीं दी जाती है। यह इस बात का प्रमाण है कि इन देशों की सरकारों को यह समझ में आ गया कि फांसी देने से अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। साथ ही अपराध का जो कारण प्रत्यक्ष दिखायी देता है, सिर्फ उतना ही नहीं होता। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और रोजगार जैसी गुणवत्तायुक्त सुविधाओं के बगैर अपराधों की संख्या नहीं घटायी जा सकती। यह जिम्मेदारी सरकारों की है।

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला परिषद कार्यालय में पूर्व एडीएम के नागरिक अभिनंदन में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कोरोना काल में उत्कृष्ट सेवा एवं गोविंदपुर के विकास में हर संभव मदद करने वाले पूर्व एडीएम नंद किशोर लाल का स्थानीय जिला परिषद कार्यालय में नागरिक अभिनंदन किया गया। सोमवार को स्थानीय जिला परिषद,पंचायत प्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठन, वरिष्ठ नागरिक संघ एवं पूजा कमेटियों के सैकड़ो लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार, स्वागत भाषण जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पंचायत समिति सदस्य सतबीर सिंह बग्गा ने किया। इस अवसर पर डॉ परितोष सिंह ने कहा कोरोना काल में जब लोग सारी उम्मीदें खत्म कर दे रहे थे। तब नंदकिशोर लाल के द्वारा जिस प्रकार से लोगों की सेवा की गई वह अतुलनीय है। गोविंदपुर में सड़क मरम्मत हो, हाइ मास्ट या गोविंदपुर हाट बाजार में छाई गिराकर समतलीकरण कार्य के लिए पूर्व एडीएम नंदकिशोर लाल को हमेशा याद किए जायेंगे। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामबाबू सिंह ने कहा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखना एवं किसी भी प्रकार के मदद के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए नंदकिशोर लाल हमेशा तत्पर रहते थे। मौके पर पूर्व एडीएम नंदकिशोर लाल ने कहा बहुत सारी समस्याओं का निष्पादन किया गया। लेकिन गोविंदपुर में जल आपूर्ति में पानी सड़कों में बह रहा है। इसे बंद नहीं करवाने का उन्हें हमेशा मलाल रहेगा। उन्होंने कहा जनता की सेवा करना ही धर्म का काम है। आने वाले दिनों में जो भी जिम्मेदारी सरकार के द्वारा दी जाएगी उसे हम लोग पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर मुखिया राखी सिंह सरदार,रंजीत सरदार, सोनका सरदार पंचायत समिति सतबीर सिंह बग्गा, पूर्व पंचायत समिति मंजू देवी, वार्ड सदस्य ज्ञान पांडे ,चंचल देवी, मंजू देवी वरिष्ठ नागरिक नागेश्वर सिंह,वीरेंद्र सिंह एलबी सिंह दुर्गा पूजा हाट बाजार समिति से आशुतोष सिंह, विनय कुमार,अजीत कुमार,आनंद मिश्रा, जयदीप सोनू, संतोष सिंह,रंजन कुमार मंटू सिन्हा, उमेश श्रीवास्तव,अनिल झा, प्रशांत चौधरी, दिनेश सिंह, संजय सिंह बबलू ,राजबान सिंह सहित सैकड़ों गोविंदपुर वासी उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर अक्षेस की कार्रवाई, तीन भवन सील



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति क्षेत्र के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निदेशानुसार अवैध रूप से भवन निर्माण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने के उपरांत उड़नदस्ता दल को नेतृत्व करते हुए नगर प्रबंधक सोनल सिंह एवं जॉय गुड़िया द्वारा होल्डिंग संख्या-105 बी अजय कुमार हाजरा, जिसमें जी+3, होल्डिंग संख्या- 19 विश्वकोश साहा, ब्लॉक-3 जिसमें सील (जी+4) एवं होल्डिंग संख्या-244 न्यू लेआउट सीतारामडेरा- गंगा राम (जी+3) भवनों को सील कर दिया गया। उड़नदस्ता दल में नगर प्रबंधक के साथ क्षेत्रीय कर्मी एवं जवान भी शामिल रहे।

### लालजोड़ा के हाथीखेदा मंदिर पहुंचे जंगल आंदोलन के नेता और आयोग के सदस्य

# आंदोलनकारियों ने किया भव्य स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जंगल आंदोलन के बहु चर्चित नेता व झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव पुष्कर महतो ने बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बिरसा सेवा दल के पूर्व संस्थापक नेता स्व.कुंजल लकड़ा के कनिष्ठ पुत्र आदिवासी कल्याण विभाग के निदेशक आनंद लकड़ा शामिल रहे। मौके पर पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के आंदोलनकारियों ने मनबोध महतो के नेतृत्व में सभी अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने आयोग के सदस्य के समक्ष अपनी मांगों को फिर से दुहराते हुए आंदोलनकारियों का मान, सम्मान, नियोजन एवम पेंशन मुहैया कराने तथा उसे जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर भुवनेश्वर महतो ने कहा आगामी दिन रांची में झारखंड आंदोलनकारियों एवम झारखंड समंवय समिति के पुराने एवम वरिष्ट आंदोलनकारियों को लेकर एक मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमे वे सक्रिय भूमिका निभायेंगे। उन्होंने आगामी 19 फरवरी को साथी देवानंद महतो के श्रद्धांजलि सभा मे बतौर मुख्य अतिथि राजनगर एवम जमशेदपुर में उपस्थित रहने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक विश्वजीत प्रमाणिक,मूदूत माझी, बाबा बिंदे सोरेन, शिबुकाली मैती,मनबोध महतो, गौतम बोस ,चित्तरंजन महतो, आनंदमय महतो, रसराज महतो, अजित महतो, पूर्णचंद्र महतो, रानू मुर्मू, शरत चंद्र महतो, मलिंद्र सिंह, कार्तिक महतो, गोपाल चंद्र महतो, धन बहादुर, शरत महतो, शंभू महतो, सुभाष सिंह, मिहिर तिवारी, सचिदानंद महंती, यामिनी कालिंदी एवं रामजीवन सिंह सहित बोड़ाम और पटमदा प्रखंड के कई पुराने वरिष्ट झारखंड आंदोलनकारी श्री महतो के साथ हाथीखेंदा में उपस्थित रहे।

# लोकसभा में सांसद ने उठाया धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** लोकसभा में सांसद बिद्युत बरण महतो ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का मामला उठाया। इस मामले में सांसद ने झारखंड सरकार की उदासीनता एवं निष्क्रियता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर सांसद ने कहा झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 24 जनवरी को भूमि पूजन सम्पन्न हो चूका है। एयरपोर्ट के निर्माण एवं विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। लगभग 100 करोड़ रुपये का आवंटन भी किया है। धालभूमगढ एयरपोर्ट का निर्माण होने से तीनों पूर्वी झारखंड, प. बंगाल एवं ओड़िसा के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उल्लेखनीय है की एयरपोर्ट से तीनों राज्यों के तीन बड़े औद्योगिक क्षेत्र को विकास की एक नई दिशा मिलेगी। झारखण्ड का जमशेदपुर एवं आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र है, वही पश्चिम बंगाल का पुरुलिया एवं खड़गपुर सहित ओड़िसा का बालेश्वर औद्योगिक क्षेत्र है। सभी क्षेत्र प्रस्तावित एयरपोर्ट से मात्र 50 से 100 किलोमीटर के भीतर स्थित है। एयरपोर्ट के लिए अबतक झारखण्ड राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र एयरपोर्ट ऑथारिटी ऑफ इंडिया को नहीं प्रदान किया गया।

### योजना अभी तक लंबित

नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इससे संबंधित प्रस्ताव झारखंड सरकार द्वारा नहीं भेजा गया। बीते साल 4 मार्च को झारखंड के मुख्यमंत्री से धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण में अड़चनों को दूर करने के संबंध में ज्ञापन समर्पित किया गया। इस संबंध में वार्ता भी हुई। उन्होने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया। लेकिन वर्तमान में यह योजना अभी तक लंबित है। सांसद श्री महतो ने भारत सरकार से समस्या का निदान के लिए अपील की।

# सिंहभूम चैंबर का पोस्ट बजट आज कोलकाता के विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार चैम्बर भवन में एकदिवसीय पोस्ट बजट सेमिनार का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जायेगा। जिसमें कोलकाता से आये विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। मौके पर उपाध्यक्ष वित्त एवं कराधान सीए दिलीप गोलेच्छा ने बताया चार्टर्ड एकाउंटेंट सोसायटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष केन्द्र सरकार के बजट प्रस्तुत करने के बाद यूनियन चैंबर भवन में पोस्ट बजट सेमिनार का आयोजन किया जाता है। जिसमें बाहर से विशेष इस बजट के पश्चात व्यवसायी एवं उद्यमियों पर पड़ने वाले असर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हैं। सचिव अदिवक्ता पीयूष ने कहा कोरोना काल के पश्चात पूर्व उपाध्यक्ष स्व. दिनेश चैधरी के चैंबर में दिये गये योगदान के प्रति उनके सम्मान में पोस्ट बजट सेमिनार के नाम से आयोजित किया जाने लगा है। सेमिनार के जरिये जमशेदपुर के बाहर से आये सीए केके. छापरिया एवं सीए अभिषेक टिबरेवाल, डायरेक्ट एवं इनडायरेक्ट टैक्स पर व्यवसायियों एवं उद्यमियों को उनपर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत करायेंगे एवं इसपर चर्चा करेंगे। मौके पर सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष सीए दिलीप गोलेच्छा, नितेश धूत, महेश सोंथालिया, मुकेश मित्तल, सचिव अनिल मोदी, एडवोकेट पीयूष चौधरी, भरत मकानी, सांरवमल शर्मा, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, चार्टर्ड एकाउंटेंट सोसायटी के अध्यक्ष सीए अनिल चौधरी एवं सचिव सीए के. दास एवं कार्यसमिति सदस्यों ने सभी व्यवसायियों एवं उद्यमियों से अपील की वे इस पोस्ट बजट सेमिनार में उपस्थित होकर इसका लाभ उठायें।

# एमओ ने किया डीलर अरुण दुबे की जविप्र दुकान का निरीक्षण



**कहा- लाभुकों का आरोप सही, डीसी के निर्देश पर करायी जाएगी प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अरुण दुबे के द्वारा लाभुकों द्वारा ई-पौश मशीन में फिंगर लगवाने के बावजूद लाभुकों को पिछले 3-4 माह से राशन नहीं देने के आलोक में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने जनवितरण प्रणाली दुकान की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने लाभुकों के द्वारा लगाए गए आरोप को सही पाया। इसके उपरांत उन्होंने जिला उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अरुण दुबे पर मझिआंव थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करने का लाभुकों को आश्वासन दिया। विदित हो कि 11 फरवरी शनिवार को लाभुकों के द्वारा उपरोक्त डीलर के द्वारा पिछले तीन माह से राशन नहीं दिये जाने के विरोध में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जमकर हंगामा किया था। इसी दौरान औचक निरीक्षण में पहुंचे जिला उपायुक्त रमेश घोलप ने लाभुकों की समस्या को सुनकर उन्होंने तत्काल प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को जांच उपरांत जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। खबर लिखे जाने तक मंझिआंव थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी थी।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के मंझियाव मोड़ के समीप संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान गढ़वा बानू टीकर गांव निवासी मुकेश उरांव का 22 वर्षीय पुत्र राकेश राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह चेन्नई से शक्तिपुंज एक्सप्रेस से गढ़वा रेलवे स्टेशन पर उतरा था। गढ़वा रेलवे स्टेशन उतर कर मझियांव मोड़ पहुंचा उसी दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाकर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अभाविप ने राजकीयकृत उवि की प्राचार्या से मिलकर आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांडी इकाई द्वारा नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी की प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला से मिलकर शैक्षणिक समस्याओं के निवारण हेतु आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि जिन छात्रों को आठवीं पास के बिना ही नौवीं कक्षा में नमांकन किया गया और रजिस्ट्रेशन करने से रोक दिया गया इस मामले को अविलंब छात्र हित में निवारण किया जाए। एक अनाथ छात्र दीपक कुमार जो आठवीं कक्षा प्रमोटेड हैं उसका रजिस्ट्रेशन जल्द नौवीं कक्षा में करायी जाए। छात्रों को पीने के लिए विद्यालय परिसर में स्वच्छ जल अविलंब उपलब्ध कराया जाए। परिसर में छात्रा सुरक्षा एवं असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए सीसीटीवी लगाया जाये व बेवजह किसी भी मनचले को विद्यालय परिसर में प्रवेश न करने दिया जाए। मैट्रिक व इण्टर के विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड के लिए एक निजी सीएसपी संचालक के पास भेजा जाता हैं, एडमिट कार्ड विद्यालय परिसर में ही उपलब्ध कराई जाए। विद्यालय में पठन पाठन अच्छे ढंग से हो, प्रसाधन एवं शौचालय की मरम्मत हो। मौके पर नगर मंत्री प्रिन्स कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में अनियमितता चरम पर है। उन्होंने प्राचार्य से विद्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त करने एवं विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाए जाने का आग्रह किया है। प्रिन्स ने कहा कि यह अभाविप छात्रों से प्रारंभ हो।

वहीं प्राचार्या विद्यानी बाखला ने विद्यालय की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। मौके पर लक्की कुमार, सदस्य राजा कुमार, मंटू कुमार, दीपक रवि, पंकज गुप्ता सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों व विस्थापितों ने किया धरना-प्रदर्शन

# प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट को जाम कर की अधिकारियों से वार्ता की मांग

**11 सूत्री मांगों को लेकर इंटक यूनियन त्रिपाठी गुट के बैनर तले मजदूरों एवं विस्थापितों ने किया प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** इंटक यूनियन त्रिपाठी गुट के बैनर तले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तुलसीदामर डोलोमाइट खान के मजदूरों व विस्थापितों के संयुक्त 11 सूत्री मांगों के आलोक में सैकड़ों की संख्या में मजदूर विस्थापितों ने सेल के प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट को धरना प्रदर्शन करते हुए जाम कर दिया। हालांकि मजदूरों व विस्थापित टाउनशिप स्थित अधिकारियों का आवास घेरने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही स्थानीय प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद मजदूरों और विस्थापितों ने निर्धारित कार्यक्रम को बदलते हुए प्रशासनिक गेट पहुंच कर धरना-प्रदर्शन किया। इसके पूर्व सभी मजदूर और विस्थापित रेलवे साइडिंग स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से एक रैली की शक्ल में सेल प्रबंधन होश में आओ हमारी मांगे पूरी करो आदि नारे लगाते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचकर मुख्य गेट पर बैठकर जाम कर दिया और अधिकारियों को धरना स्थल पर वार्ता के लिए आने की मांग की। मजदूरों की मांगो में सेल द्वारा संचालित टीडीएम खदान व घाघरा चूना पत्थर खदान चालू कर प्रभावित परिवारों को रोजगार उपलब्ध करायी जाए, 1990 से तुलसीदामर डोलोमाइट खदान में कार्यरत स्टोन ब्रेकर, डंफर लोडर, बैगन लोडर, ड्राईवर, खलासी, ऑपरेटर, सुपरवाईजर, मुंशी व खदान में काम करने वाले अन्य मजदूरों को प्रबंधन द्वारा अपनायी गयी त्रुटिपूर्ण रिट्रेंचमेंट प्रक्रिया में सुधार कर लाभ दिलाया जाए, 1990 से 16 फरवरी 2020 तक तुलसीदामर खदान में काम करने वाले सभी तरह के मजदूरों का किये गए पीएफ घोटाला, बोनस घोटाला, लिव इन कैसमेंट घोटाला, राष्ट्रीय छुट्टी घोटाला, एडब्लूए घोटाला का सीबीआई से जांच करायी जाए, प्रबंधन द्वारा मजदूरों को किये गए भुगतान का दस्तावेज उपलब्ध करायी जाए सहित छह मांगें शामिल हैं।

जबकि विस्थापितों की मांग में भवनाथपुर व नगर उंटारी की रैयतों की सेल द्वारा अधिग्रहित भूमि को वापस किया जाए। सरैईया, गुड़गांवा, धनीमंडरा, झुमरी, सिंदुरिया, अरसली, दहेड़िया, तुलसीदामर, जंगीपुर के सेल के हस्तांतरित भूमि पर विस्थापित रैयतों को आवास निर्माण तथा अन्य योजनाओं की अनुमति देकर कार्य कराया जाए, सेल द्वारा विस्थापित रैयतों को पुनर्वास हेतु भूमि पट्टा आवंटित नहीं किया गया उन्हें भूमि पट्टा निर्गत की जाये। सेल द्वारा विस्थापितों को पुनर्वास हेतु 20-20 डिसमिल भूमि उपलब्ध करायी जाये, जिन विस्थापितों को भूमि अधिग्रहित के आलोक में मुआवजा नहीं हुआ है उन्हें अविलम्ब भुगतान करायी जाए आदि मांगें शामिल हैं।



### सेल प्रबंधन ने गरीब व मजदूरों का हक छीन लिया है, जिसे हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे : प्रदीप शर्मा

धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए इंटक के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा सेल प्रबंधन ने गरीब, असहाय एवं मजदूरों का हक छीन लिया है। जिसे हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी अनवरत हमारा आंदोलन जारी रहेगा। भीड़ नियंत्रण को लेकर भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो, खरौंधी थाना प्रभारी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी, नगर उंटारी महिला पुलिस मुस्तैद दिखे।

# विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन से पांच महीने पूर्व लापता कांडी का युवक पुनपुन पासवान अब तक नहीं लौटा



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांडी गांव निवासी वीरेंद्र पासवान का 17 वर्षीय पुत्र पुनपुन पासवान पांच महीने पहले गुम हुआ जो आज तक घर वापस नहीं आ सका। घर में माता-पिता सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुनपुन के पिता ने बताया कि वह घर से काम करने को लेकर बाहर जाने के लिए निकला था। अंतिम बार मुझे मालूम चला था कि वह 1 सितंबर 2022 को विजयवाड़ा पहुंच गया है। उसके बाद से आज तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पिता ने बताया कि हम सभी अपने स्तर से बहुत खोजबिन किये लेकिन अपने बेटे का पता नहीं लगा सके। हम सभी थक-हार कर मीडिया का सहारा लेना ठीक समझे। उसने बताया कि मेरा लड़का कभी कभी गांजा का सेवन करता है। उसके पास उसका आधार कार्ड भी है। बीरेंद्र पासवान ने बताया कि अगर कोई भी आदमी मेरे बेटे की जानकारी देगा तो उसे एक लाख रुपया नगद इनाम दिया जाएगा। उसने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को मेरे बेटे पुनपुन की जानकारी मिले तो फोन नंबर 9263061913,9031499283 व 7479548295 पर दिया जा सकता है। उसने लोगों से अपने बेटे को खोजने में मदद करने की गुहार लगायी है।


## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या– 03/2023

नोटिस

बनाम्

शिवनारायण साव, पिता– मतलू साव,

सा0– कुण्डी, पो0–सराढू, थाना–टण्डवा, जिला–चतरा :– प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में लोडर रजि0 नं0–JH13E-3193 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 10.02.2023 को की गयी जिसमें आप अनुपस्थित पाये गये।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.03.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता

PR 290085 District (22-23)_D — जिला विधि शाखा, लातेहार


# गरीबों के हक और अधिकार को नहीं लूटने देंगे : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे पूर्व विधायक ने डीडीसी से अविलंब सार्वजनिक जमीन को दबंगों से खाली कराने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत रंका प्रखंड के भलूवानी गांव के सैकड़ों ग्रामीण समाहरणालय पहुंचकर डीडीसी को आवेदन देकर सार्वजनिक जमीन को दबंगों से मुक्त कराने की मांग की है पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने डीडीसी से बताया कि गांव की 1 एकड़ 84 डिसमिल जमीन पर सार्वजनिक कार्य होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक जमीन पर खेल मैदान और दुर्गा मंडप है और वहां के लोग सार्वजनिक कार्यक्रम में उसका उपयोग करते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से बाहर के दबंग वहां आकर उक्त जमीन को अपना बता रहे हैं। ग्रामीणों ने डीडीसी से उक्त मामले को जांच करते हुए उस जमीन को दबंगों से मुक्त कराने की मांग की है। उधर ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने डीडीसी से अविलंब उक्त जमीन को दबंगों से खाली कराने की मांग की। पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा जिले में जमीन का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। कुछ दबंग लोग जैसे-तैसे जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह बरसों से चला आ रहा है कि गैरमजरूआ जमीन जिसके कब्जा में होता है वह उसी का होता है, उसके बाद भी इन दिनों बलपूर्वक जमीन पर विभिन्न तरह के जालसाजों द्वारा कागजात तैयार कर गरीबों के हक और अधिकार को लूटने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे कभी नहीं होने देंगे।

# मछली के खाद्य उत्पाद बनाने पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में सोमवार को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित मछली के खाद्य उत्पाद बनाने पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण ओडीए रांची के द्वारा आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाएं सक्रिय रूप से भाग लीं। जहां महिलाओं ने मछली का कटलेट, फिश फिंगर, मछली का अचार, फिश बॉल और फिश अमृतसरी बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक सावित्री कुमारी ने कहा कि मछली के उत्पाद का व्यापार शुरू करने के लिए यदि पैसे की आवश्यकता हो तो बैंक ऑफ इंडिया हरसंभव सहायता करेगा। इस दौरान सभी



सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सभा का संचालन मनीरा तिर्की व धन्यवाद ज्ञापन रामप्रसाद लोहरा के द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा, वार्ड सदस्य दिलीप उरांव, मत्स्य मित्र चरवा उरांव, संस्था के सचिव आशीष कुमार, मत्स्य वैज्ञानिक जया भार्गव, सोमरा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।


## ऊर्जा विभाग
## झारखण्ड सरकार
## विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
## विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2 धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/91/2022-23 दिनांक– 11/02/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिम्स रॉंची में नव निर्मित पावर ग्रीड, रेस्ट हाउस में एच0 टी0 सर्विस लाईन और 500 के0 भी0 ए0 ट्रांसफरमर का अधीष्ठापन का कार्य। | 19,36,744.00 | 5,000.00 | 40,000.00 | 21 दिन |
| II | रिम्स रॉंची में एस0 एस0 ब्लॉक सबस्टेशन से सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक तक सर्विस केबल बदलीकरण का कार्य। | 46,19,372.00 | 5,000.00 | 95,000.00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.02.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 22.02.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.02.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 290119 Energy(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,जलपथ प्रमण्डल,हजारीबाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivision,Hazaribag/IFB-04/2022-23 दिनांक 13.02.2023

| क्र० | कार्य का नाम | मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग,हजारीबाग के पुराने कार्यालय भवनों में संचालित जल पथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग, भू–गर्भ निदेशालय, योजना एवं अनुश्रवण तथा गुण नियंत्रण प्रमंडल हजारीबाग के कार्यालय भवनों को मरम्मति कार्य। |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | रूपये 17,97,070.04 (रूपये सतरह लाख संतानबे हजार सत्तर एवं पैसे चार) मात्र। |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रू० 5000 (रूपये पॉंच हजार) मात्र |
| 3 | अग्रधन की राशि | रूपये 36,000 (रूपये छत्तीस हजार) मात्र। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः माह) । |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.03.2023 |
| 6 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 03.03.2023 तक (कार्यालय अवधि में) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि | 06.03.2023 तक (11.00 बजे पूर्वाह्न से) |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 15.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से |
| 9 | निविदा आमंत्रण करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता (ई–प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी) | ई० बलराम मुर्मू, कार्यपालक अभियंता,जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग,825301 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | 06546–298151/9608234736 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 06546–298149/9955912075 |

नोट–केवल ई–टेण्डर को ही मान्यता दी जायेगी। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkhandtenders.gov.in देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 290106 Water Resource(22-23).D


**कार्यक्रम :** भाजयुमो श्री बंशीधर नगर मंडल ने किया बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

# केन्द्र सरकार ने अमृत बजट में हर वर्ग का रखा है ख्याल : जवाहर पासवान

**मोदी सरकार ने जनकल्याणकारी बजट बनाया है : धनंजय सिंह**

**अमृत बजट में शिक्षा, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र, वर्ग का रखा गया है ख्याल : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** भाजयुमो श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह की अध्यक्षता में टीडीएम कॉलेज श्री बंशीधर नगर में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि मोदी सरकार का अमृत बजट जनहित में लाया गया बजट है। केन्द्र सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए अमृत बजट बनाया है। महिलाओं के लिए बजट में प्रावधान किया है। इससे देश को काफी लाभ होगा। मोदी सरकार ने युवाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने जनकल्याणकारी बजट बनाया है। इससे आम जनता को काफी लाभ होगा। बजट में आम आदमी का विशेष ख्याल रखा गया है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जनभावना के अनुरूप अमृत बजट बनाया है। बजट में शिक्षा, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र, वर्ग का ख्याल रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र दीक्षित एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने किया।

मौके पर ग्रामीण एवं शहरी मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं आशुतोष पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष विकास कुमार पांणडेय, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, मंडल महामंत्री राहुल देव पाल ,मंडल महामंत्री धर्मदेव यादव, मंडल मंत्री मनोज बारी, सुरेंद्र राम, संदीप चंद्रवंशी, उमेश पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## कार्यालय अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रॉंची
## खाद्य कारोबारियों के लिए आवश्यक सूचना

fssai

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों यथा–होटल, भोजनालय, रेस्टुरेंट, पानी विक्रेता, थोक विक्रेता, **(Wholesaler)**, वितरक **(Distributor)**, भंडारक **(Storer)**, विनिर्मता **(Manufacturer)**, खुदरा विक्रेता **(Retailer)**, शराब विक्रेता, ठेला, खोमचा, मीट/चिकन/मछली/अण्डा दुकान, कैंटीन, मिठाई दुकानदार, परिवहन **(Transportation)**, फल सब्जियों का दुकान, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन इत्यादि को फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना वैध खाद्य लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है, जिसमें छः माह का कारावास एवं पाँच लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रवधान है।

अतः खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी विवरणी निम्नप्रकार है:–

| क्र0 सं0 | दिनांक | कैम्प का स्थल |
|---|---|---|
| 01 | 15.02.2023 | अनुमंडल कार्यालय सदर, रॉंची के खाद्य सुरक्षा कार्यालय , समाहरणालय भवन, बी ब्लॉक, कमरा संख्या–215, कचहरी रोड, रॉंची। |

| | | |
|---|---|---|
| रजिस्ट्रेशन शुल्क | 12 लाख से कम का टर्नओवर | 100 रू0 प्रतिवर्ष |
| लाईसेंस शुल्क | 12 लाख से अधिक का टर्नओवर | 2000 रू0 प्रतिवर्ष (सामान्य कारोबारी)<br>3000 से 5000 रू0 प्रतिवर्ष (मैन्युफैक्चरर) |

रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज :–

1. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो पहचान–पत्र।
2. एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
3. अगर पहचान–पत्र में व्यवसाय स्थल का पता अंकित नही तो व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।

लाईसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज :–

1. प्रोपराईटर्स/पार्टनर/डायरेक्टर का लेटरहेड में विवरण (नाम, पता, मो0 नं0, एवं ई–मेल आई0डी0)।
2. खाद्य कारोबारी का पहचान–पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।
4. प्रोपराईटर्सशीप का सेल्फ डिक्लेरेशन/पार्टनशीप डीड।

खाद्य व्यवसाय से संबंधित कुछ विशेष दस्तावेज :–

1. मीट दुकान के रजिट्रेशन/लाईसेंस हेतु स्थानीय निकाय से अनापति प्रमाण–पत्र।
2. मैन्युफैक्चरर के लिए युनिट का ब्लुप्रिंट/मशीन की सूची/पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
3. कैटरर/रेस्टुरेंट/होटल के लिए पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।

- नोट–सभी दस्तावेज स्वाअभिप्रमाणित रूप में जमा करना है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,रॉंची।

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रॉंची ।

PR 290097 District(22-23)D

## अवैध कोयला परिवहन करते ट्रक जब्त

**लोहरदगा।** पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। इस मामले में ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा गया है। पुलिस ने मामले में कांड अंकित करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया की पुलिस को यह सूचना मिली थी कि लातेहार के रास्ते लोहरदगा अवैध कोयला लदा ट्रक आ रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान लोहरदगा एसपी आर राम कुमार के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव के नेतृत्व में शंख नदी मोड़ के समीप पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान कोयला लदे चार ट्रक को रोककर कागजात की जांच की गयी जिसमें तीन ट्रकों के कागजात सही पाये गये। जबकि एक कोयला लदा ट्रक के कागजात की जांच की गई तो उसमें गड़बड़ी मिली है।

## उपायुक्त की अगुवाई में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में सुखाड़ में प्रभावित 2870 किसानों एवं 70 भूमिहीन किसानों की स्वीकृति, सड़क दुर्घटना से मृत 03 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा की स्वीकृति, वज्रपात से मृत 09 पशु मालिको को मुआवजा की स्वीकृति, कोविड-19 संक्रमण से 12 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान, अतिवृष्टि से मकान क्षति के 27 लाभुको को मुआवजा भुगतान, सर्पदंश से 01 मृत व्यक्ति के आश्रितों को मुआवजा भुगतान, तालाब में डूबने से 01 मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा, भुगतान की स्वीकृति दी गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, एसडीओ, नगर पर्षद अध्यक्ष अनुपमा भगत, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबधन पदाधिकारी, डॉ डी एन सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय से संबंधित जिला चयन समिति की बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में कस्तूरबा विद्यालय से संबंधित जिला चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में कस्तूरबा विद्यालयों में रिक्त गणित और शारीरिक शिक्षा विषय के शिक्षकों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी और शिक्षकों के चयन के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कोई जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित किये जाने का निर्देश दिया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक भी होंगे। परीक्षा के तिथि संबंधी निर्णय समिति द्वारा लिया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, श्रम अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चेक बाउंस मामले में फरार वारंटी गया जेल



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि भंडरा के सोरंदा गांव निवासी जमशेद अंसारी पिता अलीम अंसारी को चेक बाउंस के मामले में उसके घर से पकड़ कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा भेज दिया गया है।

## सेन्हा से दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम से दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को लोहरदगा जेल भेज दिया बताया जाता है कि अलग अलग कांड में दोनों आरोपी का संलिप्ता था और लंबे समय तक न्यायालय में उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में आदेश का पालन करते हुए स्थायी वारंटी रुस्तम अंसारी एवं सुस्तम अंसारी को अरु स्थित घर से गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दोनो वारंटी को जेल भेजा गया।

## झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी व डीएलसीसी की बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस (झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) डीएलसीसी की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस को निदेश दिया गया कि भंडरा में सभी 788 महिला स्वयं सहायता समूह का बेसलाइन सर्वे कराया लें और जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम है उन्हें संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संसाधन उपलब्ध करा कर उनका जीवन स्तर ऊपर उठाएं। सभी को लखपति बनाने की दिशा में लाने की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसके लिए बेसलाइन सर्वे जरूरी है और समूह को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाना है। बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला पशुपालन पदाधिकारी, आत्मा परियोजना उप निदेशक, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

**लोहरदगा।** सदर थाना परिसर में महाशिवरात्री और सालाना उर्स के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, थाना प्रभारी अनिल उरांव की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार मौजूद रहे। इधर बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनायें। नशापान कर हुड़दंग ना करें। किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न ना करें। ऐसा होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। अफवाह फैलाने से परहेज करें। अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी, मौके पर एएसआई सुकु सोरेन, एएसआई अरविंद शर्मा, एएसआई अशरफी बहेलिया, एएसआई संजय कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव, सफदर आलम, अफसर कुरैशी, नेहाल कुरैशी, दीपक सरफा, अजय पंकज,विमल कांत सिंह, प्रदीप राणा, बालमुकुंद लोहरा, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सुतली बम, तीन बाइक समेत अन्य समान बरामद

# पीएलएफआइ नक्सली गिरफ्तार



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने तीन पीएलएफआई नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस गिरफ्त में आये नक्सलियों की पहचान प्रवीण कुमार उर्फ दिलीप जी उम्र 26 वर्ष पिता स्व० बिजला उरांव ग्राम बक्सीडीपा थाना व जिला लोहरदगा, रामप्रवेश कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष पिता स्व० दुरूहनाथ सिंह ग्राम चेरिमा थाना कैरो जिला लोहरदगा, सुनिल कुमार साहु उर्फ मनोज उम्र 20 वर्ष पिता कपिन्द्र साहु ग्राम करगे थाना नरकोपी जिला राँची के रूप में किया गया है। इनके पास से पुलिस ने एक सुतली बम, एक काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाईकिल रजिनं- जेएच 08 ई 1602, एक मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट का काला नारंगी रंग का केटीएम एक मोटरसाईकिल पल्सर 220 आसमानी काला रंग का रजिनं- जेएच 01 डी 3449, एक विवो कंपनी का टचस्क्रीन मोबाईल, एक रियलमी कंपनी का टचस्क्रीन मोबाईल बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि दिनांकः-12.02.2023 को संध्या समय कुडू थाना कांड संख्या- 16/23, दिनांक 31.01.2023, धारा- 387 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट कांड संख्या- 17/23, दिनांक-03.02.23, धारा 384/387/435 भादवि. एवं 17 सीएलए एक्ट एवं कांड संख्या- 20/23, दिनांक- 10.02.23, धारा-384/385/387 भा0द0वि0 एवं 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के अनुसंधान एवं छापामारी के दौरान अभियुक्त बालक राम के घर के पास छापामारी किया गया। पुलिस को देखते हुए दो लोग जंगल की ओर भागने लगे, जिनमें से एक को सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ा गया। इनकी निशानदेही के अनुसार एक सुतली बम बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्ति के बताये अनुसार इनके अन्य तीन साथियों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया तथा पूर्व की घटना में प्रयुक्त मोबाईल बरामद किया गया। पकड़ाये गये व्यक्ति मकान्दु क्रेशर में पुनः बम फोड़कर दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे। पकड़ाये गए व्यक्ति प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन से सदस्य है। इस संबंध में कुडू थाना कांड संख्या- 22/2023, दिनांक- 13.02.2023 धारा 414 भादवि एवं 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कांड दर्ज किया गया है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष छापेमारी टीम का गठन किया था। छापेमारी टीम में पांडेय, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभि), दीपक कुमार, इंस्पेक्टर मंटु कुमार, कुडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, भंडरा थानेदार गौतम कुमार, तकनीकी शाखा के अभिनव कुमार, राज कुमार बैठा, संजय कुमार सिंह, नीरज मिश्रा, तकनिकी शाखा, लोहरदगा एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# हाथियों ने एक बार 8 घरों को किया ध्वस्त

**पूरा पीड़ित परिवार सदमे में है**

**घरों के ध्वस्त होने से खाने-पीने और रहने को अब मजबूर हो गये पीड़ित**



संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना अंतर्गत मुरपा पंचायत के बलबल ग्राम में बीती रात हाथियों के झुंड ने रात अचानक बलबल ग्राम में 8 घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर घर में रखे अनाज चावल गेहूं आलू इत्यादि को पूरी तरह चाट कर गया। पीड़ित जीता उरांव, बीफा उरांव बिशुनदेव उरांव रामप्रसाद उरांव दिलेश्वर उरांव बिरसा उरांव सुरेश उरांव चंद्रदेव उरांव के घर को पूरी तरह से घरों को नष्ट कर दिया। पीड़ित परिवारों को दूसरे के घरों को रहने को विवश होना पड़ रहा है। गायत हो की बीते कुछ महीने पूर्व बलबल ग्राम में ही हाथियों के झुंड ने 17 घरों को ध्वस्त कर दिया था और प्रशासन और वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों को मुवाजा एवं सरकार के दौरा दिए गए आश्वासन के बाद कुछ भी नहीं मिला। सिर्फ झूठ की सहानभूति मिली है। वहा के लोग भुख और घर के बगैर मरने को विवश हो गये अपने घरों को छोड़ दूसरे ग्राम पलायन कर रहे है और सरकार और वन विभाग कान में तेल डाल के सोया हुऐ है। बार बार हाथियों के दौरा गरीब ग्रामीणों का घर तोड़े जाने से पीड़ित परिवारों को लाखों का नुकसान सहना पड़ रहा। जिस से पूरा पीड़ित परिवार सदमे में है। खाने पीने एवम रहने को अब मजबूर हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा अपने दल बल के साथ पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए सरकार के उचित मुआवजा की मांग करते हुए जल्द से जल्द नुकसान की भरपाई करने का बात कही।

मौके पर भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मुखिया पति दिलीप भगत मुखिया अजय टाना भगत ग्राम प्रधान गंगेश्वर यादव हेमराज उरावन सोमा उरावान बिशुनदेव उरांव जितेंद्र ओरांव बिशु ओरांव राजेश महतो परमेश्वर प्रसाद जरको महतो अनूप वर्मा चक्कू महतो अजय महतो विजय राणा चीनू राणा रामदेव महतो सुरेश महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। बतादें की एक माह पूर्व इसी बलबल गांव में हाथियों ने 17 घरों को किया था ध्वस्त।

## पुलिस ने मारपीट के आरोपी और स्थायी वारंटी को भेजा जेल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना पुलिस के द्वारा सोमवार को छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला में दो सगे भाइयों से आपसी विवाद एवं मारपीट कर जख्मी करने के आरोपी रघुनाथ भुईया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर छिपादोहर पुलिस ने लातेहार पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के केड़ ग्राम में छापामारी अभियान चलाकर स्थायी वारंटी लालमुनि भुईयां को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के पश्चात जेल भेज दिया गया। वही इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के द्वारा लगातार लाल वारंटियों के खिलाफ जिला पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें छिपादोहर थाना को व्यापक सफलता भी मिल रही है। वही छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि स्थाई वारंटियों के खिलाफ पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार आगे भी लगातार अभियान चलाया जायेगा। थाना क्षेत्र में शांति एवं अमन-चैन बनाए रखते हुए अपराध मुक्त थाना क्षेत्र का निर्माण करना हमारी प्राथमिकताओं में है। पुलिस लगातार इस दिशा में प्रयासरत हैं साथ ही हमें सफलता भी प्राप्त हो रही है।

# केंद्रीय टीम के सदस्यों ने जाना सेमरडीह के बिरहोर परिवार का हाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र का केंद्रीय टीम के सदस्यों ने दौरा कर केंद्र सरकार की ओर से जनजाति परिवार वालों को दी जाने वाली सुविधाएं व योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान केंद्रीय सदस्य मनोज कुमार सिंह उप सचिव एवं संयोजक एवं रवि कांत तालतिया एजीएम एनएसटीएफडीसी के द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह में निवास कर रहे बिरहोर परिवार वालों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु बीडीओ सह सीओ बुडाय़ सारू व ग्राम पंचायत खरकी की मुखिया चांदमनी उरांव एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान केंद्रीय टीम के सदस्यों ने बिरहोर परिवार वालों से सीधा मुखातिब होते हुए आधार कार्ड, बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, जमीन पट्टा, बीमा योजना, डाकिया योजना के तहत राशन की आपूर्ति, आयुष्मान योजना का लाभ, महुआ उत्पादन , खेती कार्य हेतु जमीन, स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ एवं पीलिया बीमारी पर झाड़ फूंक की बारीकी से जानकारी प्राप्त करते हुए अंधविश्वास को दूर करने हेतु प्रेरित किया। साथ इस माडल भारत में मोबाइल सेवा का लाभ मिलने, मक्का की खेती हेतु भूमि उपलब्ध कराने, कुपोषित बच्चों की जानकारी, आंगनबाडी. सेविका व सहिया के द्वारा नियमित रूप से हाल जानने पहुंचते हैं कि नहीं इसकी जानकारी ली। इधर आदिम जनजाति परिवार वालों से बात करते हुए मुख्य जीविकोपार्जन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी हासिल किया गया। इसपर बिरहोर परिवार वालों ने केंद्रीय टीम के सदस्यों के समक्ष जंगल से कंदमूल एवं रस्सी बनाए जाने, जंगल पहाड़ पर्वत से जड़ी बूटी आंवला, सरई लाकर दवा बनाकर बिक्री कर अपना परिवार का भरण पोषण मुख्य जीविकोपार्जन बताया। मौके पर आदिम जनजाति परिवार वालों के द्वारा केंद्रीय टीम के सदस्यों के सामने आदिम जनजाति पेंशन योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग रखी गयी।

## बालूमाथ में एक ऐसा गांव जहां आजादी के 75 साल बाद भी सड़क नहीं पहुंचा

# चुनाव के समय वोट के लिए जाते है विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता

**सड़क बनवाने की आश्वाशन देते है और चुनाव बीतने के बाद सभी सरदमटोला को भुल जाते है**






संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** झारखंड में लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से 13 किलो मीटर दूरी स्थित भगेया पंचायत के अंतर्गत दस हजार आवादी वाला सरदमटोला नामक एक ऐसा गांव जहां आजादी के 75 साल बाद भी सड़क नहीं पहुंच पाया है। जब जब राज्य में विधान सभा का चुनाव हो या लोक सभा का सरदमटोला गांव मे विभिन्न राजनितिक दलो के नेता कार्यकर्ता वोट के लिए जाते हैं। सभी सड़क बनवाने की आश्वाशन देते है और चुनाव बीतने के बाद सभी सरदमटोला को भुल जाते हैं। संभव है की कल यानी 14 फरवरी को लातेहार जिला मुख्यालय में झारखंड सरकार के खतियानी जोहार यात्रा मे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आयेंगे। जहा जिला के सभी सरकारी विभागो के अधिकारियोंऔर कर्मचारियो के साथ समिक्षा बैठक भी करेंगे। सरदमटोला गांव के जनता का उम्मिद है की सरकार इस समस्या पर डालेंगे तो निश्चित तौर पर गांव की परेशानी दूर होगा। सरदमटोला गांव मे अगर सरकार का सड़क पहुंचती है तो गांव से चतरा जिला की दरी कम होगा। तथा गांव का विकास भी आसानी से संभव हो सकेगा।

## न्यायालय अधिनियम 2015 को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभाकक्ष में डालसा के पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं लोहरदगा बार के इच्छुक अधिवक्ताओं के बीच वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के विभिन्न पहलुओं को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 40 से अधिक अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं स्पेशल अपीलीय वाणिज्यक न्यायाधीश के बीच सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनील कुमार साहू ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों के बीच वाणिज्यिक विवादों को तीव्र गति से निपटाने के लिए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप एन एच 143 ए पथ पर बाइक चालक अनियंत्रित हो कर गिर गया जिससे बाइक चालक का शरीर के कई हिस्सों में चोटें आयी है। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से टेंपू चालक सह सेन्हा निवासी सद्दाम अंसारी के द्वारा घायल अधेड़ व्यक्ति को इलाज हेतु सेन्हा पीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान रांची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत होन्हे निवासी स्व. सुकरा कुजूर के पुत्र श्यामनाथ कुजूर के रूप में किया गया। बताया जाता है कि श्यामनाथ कुजूर अपने बाइक जे एच 01 के 7488 से लोहरदगा की ओर से घाघरा जा रहा था। अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और अनियंत्रित हो गिर गया। जिससे श्यामनाथ कुजूर घायल हो गया। फिलहाल चिकित्सकों द्वारा खतरे से बाहर बताया गया।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार की बैठक हुई



**बालूमाथ।** बालूमाथ में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह ने लोगों को मानवाधिकार के विषय में बताया एवं बैठक मे चर्चा भी किया वही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के लातेहार जिला के अध्यक्ष गुड्डू प्रसाद वर्मा ने भी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार पर बैठक में विभिन्न विषयों पर जमकर चर्चा किया। वही इस बैठक में उपस्थित मानवाधिकार के अधिकारी एवं कार्यकर्ता मानवाधिकार के प्रखंड अध्यक्ष रवि रजक मानवाधिकार के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चावल मानवाधिकार के प्रखंड सचिव वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता त्रिवेणी साव कृष्णा प्रसाद संजय यादव शिव सिंह केदार यादव जिला सचिव अर्जुन साहू ईश्वरी राम राजेश प्रसाद पप्पू कुरैशी अनूप उरावं एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आशीष ओझा इस बैठक में उपस्थित रहे।

## खतियानी यात्रा में शामिल होने की अपिल की



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के माको स्थित राष्ट्रीय एकता मंच के कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय एकता मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष रवि पासवान ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता के दौरान रवि पासवान ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत करते है। ये जो झारखंड के हित में खतियान जोहार यात्रा निकाला जा रहा है इसकी हम समर्थन करते है और इस पदयात्रा में हम राष्ट्रीय एकता मंच के सभी कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल होंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि हमारे द्वारा खतियान जोहार यात्रा के बारे में ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया है। और खतियान यात्रा में शामिल होने की अपिल की है।

## वाहन चेकिंग अभियान चला



**बारियातु।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लातेहार में जोहार खतियानी यात्रा को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर सोमवार को थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में एनएच 22 स्थित फुलसु मोड़ चार मोहान के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने टू व्हीलर से चलने वाले चालकों को कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट के बाइक ना चलाएं, इसे कानून की रक्षा के साथ-साथ अपनी भी सुरक्षा कवच समझे। आगे कहा कि यह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दो पहिया वाहन का कागजात, चार पहिया वाहनों का कागजात एवं उसके डिकी की जांच की जा रही है। समय-समय पर वाहन चेकिंग करने का निर्देश उच्य पदाधिकारियों के द्वारा प्राप्त हुआ है। इसी के आलोक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर चलने का निर्देश दिया गया।वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो के अलावा सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## केएन त्रिपाठी ने बालूमाथ में संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया



**बालूमाथ।** पूर्व ग्रामीण मंत्री सह कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने रविवार को बालूमाथ प्रखंड के कांग्रेसियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका हालचाल पूछा और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाने को कहा और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इस यात्रा ने देश में फैली नफरत को कम करने का कार्य किया है। श्री त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा कार्यक्रम में शामिल होकर पलामू लौट रहे थे। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो आमिर हयात, जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर रहमान, मो. जुबैर, जुगनू खान, अशोक भुइयां, मो. अशफाक, प्रिंस खान, गोलू, छोटू, समीर समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ललित नारायण स्टेडियम में मातृ-पितृ पूजन दिवस आज

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में 14 फरवरी को स्वराज मेरा अधिकार, विश्व हिंदू एकता मंच, श्री योगवेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ, के तत्वावधान में दिन के 3 बजे मातृ देवो भवः पितृ देवो भवः के आदर्श की संस्कृति की पुनः स्थापना हेतु, बच्चो के चरित्र निर्माण और माता पिता के वास्तविक प्रेम को प्रगट करने हेतु एवं पाश्चात्य कुसंस्कृति से रक्षार्थ ये पवित्र मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन होगा। उक्त जानकारी विश्व एकता मंच के राष्ट्रीय मंत्री रवि कुमार ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम में नगर वाशी अपने बच्चों के साथ सहभागी होकर अपने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य एवं चरित्र के निर्माण में सहयोगी बनें तथा पृथ्वी के साक्षात देव माता पिता के पूजन का यह परम अवसर का सपरिवार लाभ ले।

## उप मुखिया के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने लिया समर्थन वापस



**मनिका।** प्रखंड के पल्हेया पंचायत के उप मुखिया मनोज सिंह के विरुद्ध 12 वार्ड सदस्यों में से 8 वार्ड सदस्यों ने सोमवार को अपना समर्थन वापस ले लिए। वार्ड सदस्यों ने बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी मनिका को आवेदन सौंपा है। वार्ड सदस्य किरण देवी, कलिता देवी, सुरजमनी देवी, दिनेश सिंह, चिंता देवी, रूदवा देवी, मनिता देवी, भीष्म नारायण सिंह ने बताया की पंचायत चुनाव सम्पन्न हुए 8 माह बीतने को है और तक मुखिया ने हम सभी वार्ड सदस्यों को कभी सम्मान नहीं दिया। वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया पर आरोप लगाया हमेशा कार्यकारिणी की बैठक में हमसबों को योजना की जानकारी नहीं दी जाती है। जबरन रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाया जाता है। वार्ड सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक कार्यकारिणी की बैठक में उप मुखिया रजिस्टर में हम लोगों के योजना चढ़ाने के बाद खाली स्थान रखते है, और पंचायत सेवक के आपसी मिलीभगत से रजिस्टर में योजना चढ़ा देते है। बीडीओ के प्रखंड कार्यालय में अनुपस्थित रहने पर वार्ड सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के नाजिर विजय कुमार को बीडीओ के नाम का आवेदन सौंप कर अपना समर्थन वापस ले लिया। वार्ड सदस्यों ने बताया कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी को भी हम लिखित रूप से आवेदन देकर मामले कि जानकारी देंगे। और मनोज सिंह को उप मुखिया के पद से हटाएंगे। उन्होंने बताया कि धोखा में हमने हमने उप मुखिया का चयन किया था।

## उपायुक्त ने चैनपुर में बनने वाले 50 बेड हॉस्पिटल का किया स्थल निरीक्षण



**कहा- जल्द ही चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** उपायुक्त सुशांत गौरव सोमवार को चैनपुर में बनने वाले 50 बेड हॉस्पिटल का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान चैनपुर के विभिन्न जगहों में अनुमंडल स्तरीय 50 बेड का अस्पताल निर्माण के लिए स्थल देखा गया। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। अस्पताल का निर्माण ऐसी जगह में किया जाएगा जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि चैनपुर में बनने वाले अस्पताल का टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। स्थल चयन के बाद तुरंत निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड परिसर में बहुत सी संरचनाएं हैं उसकी उपयोगिता को बढ़ाया जाए ताकि जनता को अलग-अलग तरह की सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान उपायुक्त ने दाल-भात योजना का भी निरीक्षण किया। इसकी गुणवत्ता पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार करने का निर्देश दिया। चैनपुर में बन रहे इनडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के बाद इसे उपयोग में लाना है। साथ ही बीडीओ डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी गौतम कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मौके पर अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, बीडीओ डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विजन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 14 से 21 फरवरी तक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना रोड स्थित सहारा बिल्डिंग के ऊपर विजन आई हॉस्पिटल में 14 फरवरी से 21 फरवरी तक नि:शुल्क आंखों के हर बीमारी का जांच व इलाज के साथ नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए संचालक उमेर मंजर ने कहा कि सभी जांच विदेशी मशीनों के द्वारा किया जाएगा।साथ ही आंखों का ऑपरेशन डॉक्टर असरफ व टीम के द्वारा किया जाएगा।नि:शुल्क मोतियाबिंद के अलावा शिविर में आंख से संबंधित सभी बीमारियों का भी इलाज किया जाएगा। चश्मा के लिए भी जांच उपलब्ध होगा। इसके अलावा डाइबिटीज मरीजों के लिए रेटिना का इलाज व कैटरेक्ट ऑपरेशन के साथ रेटिना इंजेक्शन की भी सुविधा दी जाएगी।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीडीओ-सीओ ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर से सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीडीओ विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया। इस क्रम में बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने बताया कि यह जागरूकता रथ ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ लैश है। जो 18 पंचायत में प्रत्येक गांव में घूम कर लोगों को शौचालय उपयोग करने, साथ ही अपने आस-पड़ोस में साफ सफाई का ख्याल रखने व गंदगी से होने वाली बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगा और लोगों को साफ सफाई में विशेष ध्यान देने को लेकर जागरूक भी करेगा। क्योंकि आज के समय में अत्याधिक बीमारी गंदगी के कारण होती है लोग इस बात को समझें ताकि लोग स्वच्छ रहें सुरक्षित रहें। श्री कच्छप ने यह भी कहा कि आप सभी ग्रामीणों के सहयोग से ही पूर्णरूपेण इस अभियान को पूरा किया जा सकता है। लोग एक-दूसरे को भी बताएं कि साफ-सफाई हमारे जीवन में बहुत जरूरी है।

**कार्यक्रम : शिवरात्रि को लेकर उपायुक्त ने टांगीनाथ धाम में तैयारियों का लिया जायजा, कहा**

# टांगीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए होगी हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध

**उपायुक्त ने जिले में बने रागी के लड्डू का पहला चढ़ावा मंदिर में करते हुए समस्त जिले वासियों के समृद्धि के लिए की कामना**

**इस वर्ष के अंत तक होगा टांगीनाथ धाम जाने वाली पक्की सड़क का निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी शिवरात्रि के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के सर्वप्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक स्थल डुमरी स्थित टांगीनाथ धाम पहुंच कर वहां हुई तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही पूर्व में किये गये दौरे के दौरान उपायुक्त द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में वर्तमान में हुए कार्यों का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

दौरे के दौरान उपायुक्त ने बताया कि टांगीनाथ धाम जाने वाली सड़क की स्थिति को देखते हुए जिले में पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति दी जा चुकी है। बारिश के मौसम के उपरांत कार्य भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के अंत तक सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य है जिसके उपरांत जिले वासियों को यह सड़क तोहफे के रूप में दी जाएगी। उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में हुई वर्तमान कार्य स्थिति को देखने हेतु उन्होंने पूरे मंदिर परिसर का पैदल ही निरीक्षण किया। टांगीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्वच्छ पेय जल, विश्राम गृह, शौचालय, रात्रि विश्राम के लिए भी भवन निर्माण किये गये हैं, सीढ़ी का नये तरीके से निर्माण किया जा रहा है, जिसमें चेकर टाइल्स लगायी जा रही है। गेस्ट हाउस एवं विवाह मंडप का भी नव निर्माण किया गया है। इसके अलावा सोलर लाइट एवं बिजली की दुरुस्त सुविधा भी उपलब्ध है। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े उसके लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को इसका ध्यान रखते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान टांगीनाथ धाम के परिसर में बने एक-एक भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पुराने भवनों की भी मरम्मती करते हुए उसे उपयोग में लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने टांगीनाथ धाम में हुए सभी खर्चों का आंकलन करने की भी बात कही। उन्होंने नये बने गेस्ट हाउस के समीप महिला शौचालय का भी निर्माण करने की बात कही। सीढ़ी के पास बैठने के लिए स्थान बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा पूरे मंदिर परिसर में साइनेज बोर्ड लगाते हुए मंदिर के आवश्यक स्थानों में जाने हेतु दिशा देने की बात कही।

इस दौरान अपर समाहर्ता, एसडीओ चैनपुर, बीडीओ/सीओ डुमरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी पूरे धाम का निरीक्षण किया।



### उपायुक्त ने विनम्र भाव से मंदिर में की पूजा-अर्चना

इस दौरान उपायुक्त ने मंदिर में बाबा टांगीनाथ की भी पूजा की। मंदिर के अंदर कुछ श्रद्धालु भी पूजा कर रहे थे। उपायुक्त उनके पूजा खत्म होने तक बाहर विनम्र भाव से एक आम नागरिक की तरह प्रतीक्षा करते रहे। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में निर्मित रागी के लड्डू का पहला चढ़ावा मंदिर में करते हुए सभी जिले वासियों के उज्वल एवं बेहतर भविष्य की कामना की। झारखंड में पहली बार गुमला जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित रागी का लड्डू देश भर में नाम कर रहा है, जिसका लॉन्च उपायुक्त ने शनिवार को किया था। उसी लड्डू का आज उन्होंने पूजा के दौरान चढ़ावा किया। उपायुक्त ने समस्त पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ भगवान की आराधना की।।

## पुलवामा हमले में शहीद विजय सोरेंग का चौथा शहादत दिवस कार्यक्रम आज

**सीआरपीएफ 118 बटालियन कुम्हारी उच्च विद्यालय में मनायेगा शहादत दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** पुलवामा हमले में शहीद वीर विजय सोरेंग का चौथा शहादत दिवस मंगलवार 14 फरवरी को कुम्हारी उच्च विद्यालय में सीआरपीएफ द्वारा मनाया जायेगा। शहीद के परिवारवालों के इच्छानुसार शहीद विजय सोरेंग की प्रतिमा कुम्हारी तालाब चौक में लगाने की मांग भी इस वर्ष भी प्रतिमा नहीं बन पाने के कारण पूरी होती नहीं दिख रही है। इस वर्ष पहले तालाब चौक पर शहीद के



चित्र में माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात कुम्हारी उच्च विद्यालय में सीआरपीएफ 118 बटालियन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहादत दिवस मनाया जायेगा।

मालूम हो कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में विजय सोरेंग शहीद हो गये थे। सीआरपीएफ के बल संख्या 933180149 शहीद हवलदार जीडी विजय सोरेंग का जन्म 12 मई 1974 में फारसामा में हुआ था एवं प्रारंभिक शिक्षा फारसामा स्थित स्कूल में हुई। उन्होंने कुम्हारी उच्च विद्यालय से मैट्रिक उत्तीर्ण किया। वे 4 मई 1993 को सीआरपीएफ की सेवा में आये और देश के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहते हुए सेवारत रहे। 14 फरवरी 2019 को प्रातः जम्मू ट्रांजिट कैम्प से केरिपुबल की कानवाई श्रीनगर के लिये प्रस्थान के दौरान लैथपुरा पुलवामा लाधू क्रॉसिंग के पास जैश ए मोहम्मद नामक आतंकवादी संगठन द्वारा 76 बटालियन की बस को फिदाइन हमले में उड़ा दिया, जिसमें सभी जवान शहीद हो गये।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे-43 जीता पतरा के समीप सड़क दुर्घटना में थाना क्षेत्र के जैरा गांव निवासी युवक असफ कुजूर (26) की मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब नौ बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात नौ बजे के करीब असफ कुजूर अपने मोटरसाइकिल होण्डा साइन नं. जेएच 01 डीजी 7869 से डाडहा से सिसई की ओर आ रहा था। इसी दौरान कुदरा मोड़ जीता पतरा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से रेफर करने पर रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मृत्यु हो गयी।

## बिरसा आवास के लाभुकों ने सीएससी सेंटर के संचालक के खिलाफ सीओ से की शिकायत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर पंचायत के सलगी पिरहा पत्थर गांव के बिरसा आवास के लाभुकों ने सीएससी सेंटर के संचालक बीनू महतो के खिलाफ पैसे की गड़बड़ी करने को लेकर बीडीओ के नाम सोमवार को दोपहर सीओ को आवेदन सौंपा है। इस संबंध में घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार के लिए बिरसा आवास योजना का राशि लाभुकों तक सही तरीके से पहुंच नहीं पायी है। इसका कारण



बताते हुए लाभुकों ने कहा कि सीएससी सेंटर के संचालक बिनू महतो के द्वारा गड़बड़ियां की गई हैं। इसके समाधान के लिए पीड़ित लाभुक सीओ से मिले। इस संबंध में सीओ ने कहा कि मामले का निष्पादन हेतु टीम गठित कर दिया गया है। जिसमें जेएसएलपीएस के कर्मचारियों के अलावा, राजस्व कर्मचारी, कनीय अभियंता व संबंधित पंचायत के मुखिया शामिल हैं। टीम जल्द ही जांच पड़ताल कर रिपोर्ट सौंपेंगी। दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी और बिरसा आवास के लाभुकों को उनके हक की राशि दिलवायी जाएगी। इस मौके पर विफना असुर, रामकेश्वर असुर, शंकर असुर, राजेंद्र असुर, एतवा असुर, लक्ष्मण असुर, जितेंद्र असुर, राजेश्वर असुर सहित कई लोगों उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : मंडल कारागृह में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कार्यक्रम आयोजित**

# कारागृह को संस्कार परिवर्तन का केंद्र बना लो : भगवान भाई

**माउंट आबू राजस्थान से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने मंडल कारागृह में बंद कैदियों को कर्म गति और व्यवहार शुद्धि विषय पर दी शिक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** यह कारागृह नहीं, बल्कि सुधारगृह है। इसमें आपको स्वयं में सुधार लाने हेतु रखा हुआ है, शिक्षा देने हेतु नहीं। इस कारागृह को संस्कार परिवर्तन का केंद्र बना लो इसमें एक-दूसरे से बदला लेने के बजाए स्वयं को बदलना है। बदला लेने से समस्या और ही बद जाती है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कही। वे मंडल कारागृह में बंद कैदियों को कर्म गति और व्यवहार शुद्धि विषय पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कारागृह के इस एकांत स्थान पर बैठकर स्वयं को परिवर्तन करने के लिए सोचो कि मैं इस संसार में क्यों आया हूं? मेरे जीवन का उद्देश्य क्या हैं, मुझे परमात्मा ने किस उद्देश्य से यहां भेजा है? मैं यहां आकर क्या कर रहा हूं। ऐसी बातों का चिंतन करने से संस्कार, व्यवहार परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि यह कारागृह आपके जीवन में सुधार लाने हेतु तपोस्थल है। भगवान भाई ने कैदियों से कहा कि बदला लेने के बजाय स्वयं को ही बदलकर दिखाने की प्रवृति रखनी है। उन्होंने कहा कि हम किसके बच्चे हैं? जिस परमात्मा के हम बच्चे हैं, वह तो शांति का सागर, दयालू, कृपालू, क्षमा का सागर है। हम स्वयं को भूलने से ऐसी गलतियां कर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसा कोई कर्म ना करें, जिस कारण धर्मराज पूरी में हमें सिर झुकाना पड़े, पछताना पडे, रोना पड़े। स्वयं के अवगुण या बुराइयां हैं उसे दूर भगाना है। ईर्ष्या करना, लड़ना, झगड़ना, चोरी करना, लोभ, लालच, यह तो हमारे दुश्मन हैं। जिसके अधीन होने से हमारे मान-सम्मान को चोट पहुंचती है। जिस भूल के कारण हम यहां आये हैं उन भूलों को या बुराइयां दूर करना है तो हमारे अंदर की आपराधिक प्रवति में परिवर्तन आएगा। इन अवगुणों ने और बुराइयों ने हमें कंगाल बनाया, इससे दूर रहना है। जीवन में नैतिक मूल्यों की धारणा करने की आवश्यकता है। जीवन में सद्गुण न होने के कारण ही समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल होता है। उसे व्यर्थ कर्म कर व्यर्थ ऐसा ही नहीं गंवाना चाहिए। मजबूरी को परीक्षा समझकर उसे धैर्यता और सहनशीलता से पार करना है, तो अनेक दुख और धोखे से बच सकते हैं। जीवन में परिवर्तन लाकर श्रेष्ठ चरित्रवान बनने का लक्ष्य रखना है। तब कारागार आपके लिए सुधारगृह साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने यह देश हमारे लिए स्वतंत्र बनाकर खुशी, आनंद में रहने के लिए दिया है। कार्यक्रम के अंत में अपराधमुक्त बनने हेतु साहित्य भी बांटा गया।

कार्यक्रम में बीके आशा बहनजी, बीके ममता बहन, बीके कविता, बीके सुधीर भाई भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जेल अधीक्षक सुनील कुमार और कारापाल कालेश्वर राम पासवान की शुभ कामनाओं से संपन्न हुआ।

## 17 जनजाति परिवारों के बीच बकरी का वितरण

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत सोमवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के 17 लुप्तप्राय जनजाति परिवारों के बीच 85 अदद बकरी का वितरण किया गया। चयनित जनजातियों को एक-एक यूनिट बकरी सेट में प्रति यूनिट चार बकरी और एक बकरा शामिल है, इसका वितरण कल्याण विभाग की ओर से किया गया। मौके पर मझगांव पंचायत की मुखिया ज्योति बहेर देवी, प्रभारी पशुपालन पदाधिकारी सह जनसेवक अशोक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुंदर कोरवा समेत अन्य मौजूद थे। वहीं प्रभारी बीडबल्यूएफओ अशोक गुप्ता ने बताया कि बीमा के साथ पशु वितरण हो रहा है। बकरियों के मरने पर डाक्टर की रिपोर्ट और कान में लगे टैग के आधार पर पुनः बकरी दी जायेगी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज ने किशोरों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड के छोटाकटरा गांव के किशोरों को विभिन्न सरकारी सेवा प्रदत और संस्थानों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें युवा मैत्री केंद्र, थाना, डाकघर, प्रज्ञा केंद्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान किशोरों को संस्थानों में जो सेवाएं दी जाती हैं उसके बारे में सेवा प्रदाता द्वारा बिस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें युवा मैत्री केंद्र की सलाहकार ने केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि थाना से बच्चों को डरने की जरूरत नहीं है। अगर आप सभी को किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो आप बेझिझक आकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के समन्वयक मुकेश उरांव ने कहा कि 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराना उनका उद्देश्य है। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में 15 किशोर शामिल थे।

## मझगांव पंचायत भवन में जल एवं स्वच्छता समिति से जुड़ी सहिया की बैठक आयोजित



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मझगांव पंचायत भवन में मंगलवार को मुखिया ज्योति बहेर देवी की अध्यक्षता में जल एवं स्वच्छता समिति से जुड़ी सहिया की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पंचायत के 11 जलसहिया शामिल हुए। आने वाले वित्तीय वर्ष में स्वच्छता और पेयजल को लेकर कार्य योजना तैयार की गई और इस पर काम करने के लिए रणनीति तैयार की गई। स्वच्छता समितियों के खाते में मिलने वाली राशि से सोख्ता गड्ढा, जल मीनार, चापाकल मरम्मत, पेयजल व्यवस्था समेत अन्य योजनाओं पर कार्य तत्काल आरंभ किये जाने पर सहमति बनी। बैठक में मिलियानी मिंज, रेणु कुमारी, रेखा मुंडा समेत अनेक जलसहिया मौजूद थे।

## स्कूल की जमीन पर दावा करते हुए गेट पर जड़ा ताला बीडीओ ने ताला तोड़वाकर शुरू कराया शिक्षण कार्य



**बसिया (आजाद सिपाही)।** जब बच्चे और शिक्षक स्कूल पहुंचे ओर स्कूल में ताला जड़ा मिले और कोई पूरे स्कूल को अपना बताये तो छात्रों और शिक्षकों की क्या स्थिति रही होगी। ऐसा ही एक वाक्या प्रखंड के कोनबीर भागीडेरा स्थित स्कूल राजकीयकृत मध्य विद्यालय भागीडेरा में देखने को मिला। सोमवार को सुबह स्कूल समय में जब स्कूल के छात्र-छात्रायें और शिक्षकगण स्कूल पहुंचे तो स्कूल में ताला लगा हुआ मिला। शिक्षकों ने जब ताला लगाने वाले व्यक्ति के संबंध में पता किया तो भागीडेरा निवासी नरेंद्र सिंह, पिता स्व. सुकर सिंह के द्वारा स्कूल की जमीन को अपनी जमीन बताया गया। नरेंद सिंह का दावा है कि जिस जमीन में स्कूल चल रहा है और वर्तमान में जिस जमीन में स्कूल बाउंड्री बन रही है वह जमीन उसकी है। इसके उपरांत कोनबीर के उपमुखिया किशन साहू द्वारा इसकी सूचना बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता को दी गयी। जिसके बाद बीडीओ ने नरेंद सिंह को समझाने की कोशिश की और साथ ही स्कूल में बसिया थाना प्रभारी को बुलाकर नरेंद्र को हिरासत में लिया गया। बीडीओ के द्वारा नरेंद्र द्वारा स्कूल गेट में लगाए गये ताला को तुड़वाकर शिक्षण कार्य शुरू करवाया गया। बीडीओ और थाना प्रभारी द्वारा नरेंद्र की स्वास्थ्य की खराब स्थिति को देखते हुए उसे जमीन संबधी पूरे कागजात के साथ लीगल तरीके से दावा करने की बात कही गयी और थाना से छोड़ दिया गया। मालूम हो कि उक्त स्कूल पिछले लगभग 65 वर्षों से चलते आ रहा है।

## बागेसेरा पंचायत के किशोरों को सरकारी सेवा संस्थानों का कराया गया भ्रमण



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत बागेसेरा पंचायत के मारदा गांव के किशोरों को सेंटर फॉर कैटलॉईजिग चेंज के द्वारा विभिन्न सरकारी सेवा संस्थानों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें युवा मैत्री केंद्र, थाना, डाकघर, प्रज्ञा केंद्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान किशोर-किशोरियों को इन संस्थानों में जो सेवाएं दी जाती हैं उसके बारे में जानकारी दी गई। युवा मैत्री केंद्र की सलाहकार के द्वारा केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा के द्वारा यह बताया गया कि हम किशोर-किशोरी को हरसंभव सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

## तेली समाज ने गरीब असहाय की बेटी की शादी या उच्च शिक्षा में सहयोग के लिए की लॉटरी टिकट की शुरुआत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के पाकरटोली स्थित तेली धर्मशाला में तेली समाज की बैठक रविवार देर शाम 8 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय तेली समाज महासंगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश साहू, जिला महामंत्री विनोद साहू, जिला संगठन महामंत्री अशोक कुमार साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार शामिल हुए। वहीं किसी भी समाज के गरीब असहाय की बेटी बहन की शादी या उनके उच्च शिक्षा में सहयोग को लेकर लॉटरी टिकट का घाघरा प्रखंड से शुरुआत की गई। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि समाज के द्वारा गरीब असहाय की बेटी की शिक्षा या शादी विवाह में सहयोग को लेकर लॉटरी का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ऐसे लोगों को समाज लाभ पहुंचा सके। जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश साहू ने कहा कि किसी भी हाल में आप अपने बच्चे को शिक्षा दिलायें, ताकि वह अपना हक अधिकार के लिए आगे लड़ सके। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज साहू, जिला मंत्री राजीव साहू, सुरेश साहू, विजय साहू, आजाद साहू, गंगा साहू, पिंटू साहू, गणेश साहू, संजय साहू, नीरज साहू, नवीन साहू, बिपिन साहू, अमित साहू सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर बिश्रामपुर में निकलेगा भोले बाबा की शाही बारात

## पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में होंगें सभी कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** महाशिवरात्री पर्व के अवसर पर बिश्रामपुर में भोले बाबा की शाही बारात निकलेगा। इसके अलावा भी कई मांगलिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान व विशेष पूजा अर्चना आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी आरटीआई के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के संरक्षक मंडली ने दी। आयोजन समिति के संरक्षक डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि भोले बाबा की शाही बारात आगामी 18 फरवरी को पंचमुखी मंदिर से निकलेगी और छिपादोहर स्थित पहाड़ी मंदिर जायेगी। जहां बारात का स्वागत भक्तों द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा 18 फरवरी को ही रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा भव्य झांकी भी निकाला जायेगा। उसी दिन शाम तीन बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा। इसके अलावा शाम चार बजे से शाम के छः बजे तक दिव्य शिव चर्चा होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



### सफल आयोजन के लिये कमेटी गठित

आगामी 18 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के संरक्षण में संपन्न होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक कमेटी का भी गठन किया गया है। आयोजन समिति का प्रधान संरक्षक विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया है। वहीं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को संरक्षक बनाया गया है। संरक्षक मंडली में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय को भी रखा गया है। वहीं विधायक प्रतिनिधि पंडित राजन पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेस तिवारी,पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, उंटारी मंडल अध्यक्ष शुशील ठाकुर व नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महावीर यादव को उपाध्यक्ष चुना गया है। जबकि पंकज कुमार लाल,सुनील कुमार चौधरी,मनीष कुमार व अमितेश्वर दयाल को सचिव बनाया गया है। कोषाध्यक्ष विजय कुमार रवि व गोपाल सोनी को बनाया गया है। सभी स्थानीय पत्रकारों को कमेटी का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा 151 लोगो को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। जिसमे दिलीप चंद्रवंशी,राजेश मार्शल,विनोद विश्वकर्मा,राजन मिश्रा,शशि चंद्रवंशी,आगम दास, उखमजी यादव आदि को रखा गया है।

# सांसद ने सोन नदी से हो रहे कटाव का मामला संसद में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सोन नदी से पलामू के देवरीखुर्द, दंगवार से बडेपुर, बुधुवा एवं आसपास का इलाका पलामू जिला हुसैनाबाद अनुमंडल के अंतर्गत पड़ता है। जहाँ जबरदस्त कटाव हो रहा है। इस कटाव से पूर्व में ही कई गांव नदी की गोद में विलीन हो चुके हैं, अभी भी कई गांवों एवं किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है। इस इलाके के लोग त्राहिमाम संदेश भेज रहे हैं। यदि समय रहते कटाव से बचाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए जाएंगे तो पूरा का पूरा इलाका सोन नद से हो रहे भयंकर कटाव की चपेट में आ जाएंगे। सांसद ने कहा कि सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सोन नदी के कटाव से हो रही जान-माल की क्षति को रोकने के लिए संबंधित मंत्रालय द्वारा कारगर कदम उठाया जाय ताकि जनता राहत की सांस ले सके।

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र)
जियाडा भवन' नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, राँची -834010 (झारखण्ड)
Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125,
Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com

पत्रांक–270 **आम–सूचना** दिनांक–03.02.2023

श्री विश्वनाथ यादव, पिता–स्व0 गोरख यादव को तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र, राँची में "मशीन शॉप एण्ड फेब्रीकेशन" उद्योग की स्थापना हेतु 3000 वर्गफुट भूमि (भूखण्ड संख्या–241/पी0) का आवंटन सर्वश्री हीरा इन्टरप्राईजेज के नाम से किया गया है। श्री विश्वनाथ यादव के द्वारा इकाई का सत्वाधिकारी अपने बड़े पुत्र श्री गणेश यादव के नाम से परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त संगठन परिवर्तन के संबंध यदि किसी व्यक्ति/संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्राधिकार को समर्पित कर सकते हैं।

ह0/–
क्षेत्रीय निदेशक

PR 290135 RIADA(22-23).D

# राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू को मिला प्रथम पुरस्कार

## मासूम के कलाकारों ने झटके कुल नौ पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू की चर्चित नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला है। यह प्रतियोगिता कला संगम द्वारा 10 से 12 फरवरी तक गिरिडीह में किया गया था। प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप को उनके द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट के लिए प्रथम पुरस्कार मिला, द्वितीय स्थान पर दिल्ली, तृतीय स्थान पर भोपाल व चौथे स्थान पर कोलकाता की टीम रही। मासूम के कलाकारों ने इस प्रतियोगिता में निजी वर्ग में भी आठ अन्य पुरस्कार अपने नाम किए। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया की अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में मासूम द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट को प्रथम पुरस्कार मिलने के साथ साथ इस नाटक के निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का द्वितीय पुरस्कार मिला। श्री पांडेय ने बताया कि नाटक की कहानी एक ऐसे जमींदार के इर्द गिर्द घूमती है जिसकी जमींदारी तो अब नही रही पर उसे लगता है की वो अब भी उस इलाके का राजा है, उसका गुरुर, आत्मसम्मान, घमंड उसे वास्तव से दूर रखता है, उसकी वजह उसका पूरा परिवार तबाह हो जाता है। इस नाटक में राजा के चरित्र में अभिनय के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट एक्टर का तृतीय व बहु की चरित्र में अभिनय करने के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का तृतीय पुरस्कार मिला। परिमल भट्टाचार्य को बेस्ट केरेक्टर आर्टिस्ट का प्रथम, कामरूप सिन्हा को बेस्ट विलेन का तृतीय, कनक लता तिर्की को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सांत्वना, राजा सिन्हा को बेस्ट म्यूजिक का प्रथम, संजीत प्रजापति को बेस्ट स्टेज क्राफ्ट का द्वितीय पुरस्कार मिला। इस नाटक में अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी, आसिफ खान, राज प्रतीक पाल, गुलशन मिश्रा, सतीश ठाकुर, गिरिंद्र यादव आदि ने अभिनय किया।



# तीन माह का राशन गबन करने में लगे हैं पीडीएस डीलर : संदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी पंचायतों के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को छतरपुर गोदाम से बीते दिसम्बर, जनवरी और फरवरी माह का गेहूं चावल का उठाव हो चुका है। बाबजूद इसके पीडीएस दुकानदार राशन का वितरण नहीं कर रहे हैं। इसकी जानकारी पीपरा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने दी। उन्होंने कहा कि पीपरा प्रखण्ड के डिलर तीन माह का राशन गबन करने पर लगें हैं।इस बाबत उन्होंने संबन्धित अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए अविलम्ब लाभुक कार्डधारियों के बीच तीनों माह का राशन वितरण कराने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उठाव किए गए राशन का वितरण कार्डधारियों के बीच नहीं किया गया तो इसकी जानकारी पलामू डीसी महोदय को देते हुए लापरवाही बरतने वाले पीडीएस दुकानदारों पर कार्रवाई की मांग भी करेंगे। बताया कि इसके बाबजूद भी पीडीएस दुकानदार साइलेंट हैं। ऐसी चर्चा है कि सभी डीलर फ्री वाला राशन का गबन करना चाहते हैं। जबकि राशन का वितरण नहीं होने से लाभुक भी आक्रोशित हैं।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–14/22 के अभियुक्त सरवर अंसारी पिता मो0 सिराजुदीन अंसारी सा0 कुरहत करैया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त सरवर अंसारी पिता मो0 सिराजुदीन अंसारी सा0 कुरहत करैया थाना हरिहरगंज जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 290110 Police(22-23)#D

# जिप उपाध्यक्ष ने मध्य विद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के छात्रों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए विषयगत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह पहुँचे। प्रतियोगी बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया। विदित हो कि मध्य विद्यालय में बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। जिप उपाध्यक्ष को विद्यालय पहुचने पर छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने विद्यालय की समस्याओं से भी जिप उपाध्यक्ष को अवगत कराया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष श्री सिंह ने विद्यालय परिसर में जलमीनार व बाउन्ड्री वाल बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालय हुसैनाबाद, विद्यालय प्रबंधन व शिक्षक-शिक्षिकाओं के बेहतर प्रयास से क्षेत्र का आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि बिद्यालय द्वारा छात्रों के लिए किया जा रहा बेहतर कार्य काफी सराहनीय है।मौके पर शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता,जुबैर अंसारी,सुषमा पांडे, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश,जीएस चौबे समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थे।



# सजवन गांव के अग्निकांड पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जायेगी : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रविवार की शाम 11 हजार वोल्ट के बिजली तार से हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन गांव के चार घर जल गए। परिवार बेघर हो गए। उन्हे हर संभव मदद दी जायेगी। साथ ही बिजली विभाग उन्हे उचित मुआवजा का भुगतान करे। उक्त बाते हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि रिहायसी इलाके के जर्जर विद्युत तार को बदलने और गाइड वायर लगाने का काम बिजली विभाग करे। जिससे आगे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सजवन गांव का चार घर जलना बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। आज भी इस गांव में बांस पर 440 वोल्ट के तार ले जाए गए हैं। इसे तत्काल ठीक करने का निर्देश उन्होंने सहायक अभियंता को दिया है। श्री सिंह ने कहा कि गरीब लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के अलावा विभाग के पास कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि यही स्थिति रही तो विभाग के खिलाफ जनता उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जायेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रखंड और अंचल के द्वारा पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने का निर्देश उन्होंने दिया है। पलामू के उपायुक्त से अग्नि पीड़ित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की मांग वह करेंगे। उन्होंने इस संबंध में बीडीओ को जिला में रिपोर्ट भेजने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर एनसीपी की टीम पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता और मुखिया कुसुम देवी के द्वारा अग्नि पीड़ित लोगों की सहायता की सराहना की है।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

**-:: आम सूचना ::-**

लोकतंत्र का महापर्व "विधानसभा उप चुनाव, 2023" के अन्तर्गत **23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र** में दिनांक–**27/02/2023**, दिन–**सोमवार** को मतदान की तिथि निर्धारित है। उक्त अवसर पर समाहरणालय, रामगढ़ "ए" ब्लॉक में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो **24x7** संचालित है।

रामगढ़ जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि 23–रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन, 2023 से संबंधित शिकायत एवं जानकारी हेतु निम्न दूरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 01 | 06553–261522 |
| 02 | 9973314112 |

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 290071 (Election) 22-23 (D)

# स्वस्थ और सुरक्षित वैवाहिक जीवन के लिये जरूरी है पौधरोपण : कौशल किशोर जयसवाल

- पर्यावरणविद ने पर्यावरण प्रेमी के शादी में शामिल होकर वर वधु को पौधा समर्पित करते हुए दिया सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद
- ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान होते हैं भगवान शिव स्वरूप पेड़ पौधेः मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावाबाजार और गढ़वा के कांडी और यूपी सोनभद्र के अनपरा में शादी समरोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने वर बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की । उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने कांडी के स्वर्गीय बजरंगी गुप्ता की पुत्री मीरा गुप्ता और बिहार पटना राजेंद्र नगर के कृष्ण मुरारी के पुत्र निशांत कुशल और पलामू जिले के नावा बाजार के भाजपा नेता देव कुमार जायसवाल की पुत्री आकांक्षी जायसवाल के विवाह यूपी के अनपरा निवासी स्वर्गीय श्याम नारायण जायसवाल के पुत्र विशाल जायसवाल के शादी समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यों पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढ़ने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन की सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोरोना की कहर और प्रदूषण की जहर ने सभी लोगों को सबक सिखा दिया है कि ऑक्सीजन की सिलेंडर का कितना महत्व है। वन राखी मूवमेंट के प्रनेता कौशल ने कहा कि श्री देव कुमार जायसवाल की पुत्री आकांक्षी पिछले 15 वर्षों से वन राखी मूवमेंट में शामिल पर्यावरण प्रेमी के रूप में पर्यावरण धर्म के प्रचारक के रूप काम करती थी जिसका गूगल है गवाह। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में बिपिएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल,छतरपुर के भाजपा नेता मुन्ना लाल जायसवाल, नावाबार के भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल,रंजीत जायसवाल, विनोद सिन्हा, गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, अमित पासवान,राम किशोर गुप्ता, उमेश गुप्ता,डॉ विवेक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सोनमती देवी, ललिता जा, नेहा जा,अविनाश जा, मनीष जा, आकृति, अंकुर, अंशु, लोग भी उपस्थित थे।



कार्यालय कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), हजारीबाग
आवश्यक सूचना

हजारीबाग जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन – दलहन (2022–23) के तहत अधिकतम अनुदानित राशि या कुल कीमत का 50 प्रतिशत राशि (दोनो में जो कम हो) पर निम्न कृषि यंत्र/उपादान उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | उपादान का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | अधिकतम अनुदानित राशि (रू0 मे) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 15 | 3100/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 2 | पावर नैपसेक स्प्रेयर 8-12 Ltr | 35 | 2500/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 3 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 22 | 750/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 4 | मैनुअल नैपसेक स्प्रेयर | 71 | 600/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 5 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 1 | 42000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 6 | रोटावेटर (Less then 20 BHP) | 2 | 34000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 7 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 100000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 8 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Less then 35 BHP) | 1 | 80000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 9 | Chisel Plough (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | For Sc/st, small & marginal, women farmers |
| 10 | Chisel Plough (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 8000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 11 | Ridge Furrow Planter (Below 20 BHP Tractor driven) | 1 | 24000/unit or 40% of cost whichever is less | For Other farmers |
| 12 | Seed Storage Bin | 12 | 1000/Qtl or 50% of cost whichever is less | |
| 13 | स्प्रिंकलर सेट | 1 | 21901/ha or 50% of cost whichever is less | |
| 14 | पंपसेट | 47 | 10000/unit or 50% of cost whichever is less | |
| 15 | डिलिवरी पाइप | 299 मीटर | 50% of cost limited to Rs. 50/mtr for HDPE pipes Rs. 35/mtr for PVC pipes and Rs. 20/mtr For HDPE laminated wovenlay flat tubes with max. ceiling of Rs. 15000/ unit. | |
| 16 | मोबाइल रेनगन | 1 | 34513/unit or 50% of cost whichever is less | |

अनुदानित दर पर कृषि यंत्र/उपादान क्रय करने हेतु संबंधित प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक या जिला स्तर पर आत्मा कार्यालय शंकरपुर से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 16.02.2023 से लेकर 20.02.2023 तक कार्यालय अवधि में आत्मा कार्यालय, शंकरपुर, हजारीबाग में जमा करें। कृषि यंत्र/उपादान का वितरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रखंडवार एवं एन0एफ0एस0एम0 के मार्गदर्शिका के आलोक में किया जाएगा। राशि की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य को घटाया/बढ़ाया जा सकता है। चयनित आवेदकों को कृषि यंत्र/उपादान का क्रय करने के उपरांत DBT के माध्यम से राशि स्थानांतरित कराया जाएगा।

ह0/
परियोजना निदेशक आत्मा, हजारीबाग

PR 290108 Agriculture(22-23)D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


भौरा में जनता मजदूर संघ का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

# संघ मजदूर हित की लड़ाई के लिए जाना जाता है ये विश्वास हमेशा रहेगा: रागिनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र भौरा में सोमवार को जनता मजदूर संघ के द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संघ की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह एवं जेबीसीसीआइ सदस्य सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह भौरा स्थित गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां संघ के सदस्यों ने उनका शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान श्रीमती सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती समेत क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देश दिए साथ ही अपने क्षेत्र में जनता मजदूर संघ को और मजबूत बनाए जाने संबंधी विचार साझा किए। वही श्रीमती सिंह ने कहा कि जब तक स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाया नहीं जाता तब तक उन मजदूरों को हटाना उचित नहीं है। संघ मजदूर हित की लड़ाई के लिए जाना जाता है और हक की लड़ाई में आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से भौरा के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसएस दास सुदामडीह के एरिया सचिव रतन पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष धनंजय सिंह, अरविंद सिंह, कृष्णा सिंह, शैलेंद्र सिंह, रंजय सिंह, संजीत सिंह उपस्थित थे। वही मंच का संचालन भौरा के क्षेत्रीय सचिव आनंद मौर्य ने किया।

## छात्रों की समस्या पर एनएसयूआइ ने कतरास कॉलेज प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर 1 सत्र 2022-26 के लगभग 1 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं का फॉर्म भरने के दौरान आइवीएस-आइए विषय चुनने के दौरान काफी छात्रों के द्वारा अलग विषय चुन लिया गया था। जिससे छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बहुत सारे ऐसे भी छात्र-छात्रा है जो कतरास कॉलेज से आवेदन लेकर सभी विश्वविद्यालय का ओर दौड लगा रहे है इसमें से काफी ऐसे छात्र-छात्रायें थे जिनको विश्वविद्यालय जा पाना संभव नहीं है। जिसके कारण वह सभी छात्र-छात्रायें अपने अलग विषय को सही विषय बनाने में सफल नहीं हो पा रहे थे। सूचना पर कतरास कॉलेज की एनएसयूआइ की टीम ने इस समस्या को स्वतः संज्ञान में लेकर कतरास कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता किया और छात्र-छात्राओं की परेशानियों से प्राचार्य को अवगत कराया। अवगत कराने के बाद कतरास कॉलेज के प्रबंधक को एनएसयूआइ की टीम ने एक ज्ञापन सौंपा जहां कॉलेज प्रबंधक एवं प्राचार्या से वार्ता करके समस्या का समाधान निकालते हुए कहा गया कि अब से विषय बदलने के क्रम में विश्वविद्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। अब से कॉलेज में ही इसको सुधारने का कार्य किया जायेगा। वार्ता मे जिला सचिव आकाश प्रमाणिक, अध्यक्ष सिंकू खान, महासचिव सह मीडिया प्रभारी तारिक अनवर, अंजली कुमारी, दीपा कुमारी, नीतीश, सैफ खान, शोएब अली, मो. ताजुद्दीन सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से 13 फरवरी को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नये सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। सीनियर डीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ केबी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। महाप्रबंधक(वित्त एवं लेखा) एसके राय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। चीफ मैनेजर कनारा बैंक, भास्कर राय एवं रितेश कुमार ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। एसीटी (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने लिया क्षेत्र में 16 सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय

# अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर




### निर्णय लेने वालों में यह लोग रहे शामिल

इसकी जानकारी सचिव दीपक कुमार दीपू ने एफसीआइएल इंचार्ज और डीएसपी सिंदरी को दे दी है। निर्णय लेने वालों में चेंबर के दिलीप रिटोलिया, पवन शर्मा, महेंद्र गुप्ता, प्रशांत पांडे, दिलीप दास, राजेंद्र प्रसाद, पंचदेव गुप्ता, राहुल मंडल, मो. रिजवान, मो नाशिर, मनोज कुमार, अजय ठाकुर, रौशन रमेश, दामोदर गुप्ता, मनोज, रंजन ठाकुर, अजित प्रसाद, नागेंद्र आदि शामिल थे।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सोमवार 13 को सिंदरी के शहरपूरा स्थित कोऑपरेटिव मोड़ सहित अन्य स्थानों पर 16 सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। जो व्यवसायियों के सहयोग से लगाये जायेंगे। जिसको लेकर पूरी तैयारी भी कर ली गई है। बताया की इससे अब यहां तेज गति से बाइक चलाने वालों, चोरों, असामाजिक तत्वों एवं चेन स्नेचरो पर नजर रखी जा सकेगी। इसके अलावा अपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को पकड़ने में पुलिस को भी सहयोग मिलेगा।

# अंत्येष्टि में भारी संख्या में जुटे लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी विधानसभा के विधायक इंद्रजीत महतो के बड़े बेटे 27 वर्षीय विवेक कुमार महतो की जहर खाने से मौत हो गयी है। विवेक का शव सोमवार के शाम बलियापुर के पहाड़पुर स्थित आवास पहुंचते हीं पूरा क्षेत्र शोकाकुल हो गया। भारी संख्या में राजनीतिक व सामाजिक लोग पहुंचे। शोक संवेदना व्यक्त की परिवार वालों को ढांढस बंधाया। उसके बाद करीब 6 बज कर 20 मिनट पर शव यात्रा निकाली गयी। सिरसा कुड़ी स्थित दामोदर घाट पर की अंत्येष्टि की गयी। विधायक आवास पहुंच कर संवेदना व्यक्त करने वालों में निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा के धर्मजीत सिंह, जिप सदस्य उषा महतो, मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो, मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष जगदीश रवानी, जिप सदस्य संजय महतो, उपप्रमुख आशा देवी, रमेश राही, धरणीधर मंडल, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, भाजपा नेता दिनेश सिंह, समाजसेवी मिट्ठू सरिया, कुमार महतो, स्वपन महतो आदि शामिल थे।

# गोल्डन आवर में लोगों की जान बचाने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** सोमवार को पुलिस लाइन में जिले के प्रत्येक थाना से एक पदाधिकारी एवं एक जवान को गोल्डन आवर में घायल का प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए ट्रैफिक डीएसपी सह नोडल पदाधिकारी सड़क सुरक्षा राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारियों को अग्निकांड, बिजली करंट, सड़क दुर्घटना सहित अन्य दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार कर घायल व्यक्ति की जान बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कहीं भी घटना होने पर सबसे पहले पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती है। इस दौरान गोल्डन आवर में घायलों को मदद कर चिकित्सक या अस्पताल पहुंचाने में कम से कम नुकसान पहुंचे, इसलिए आज यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं किसी दुर्घटना में रेस्क्यू वर्क में शामिल होने के समय अपने को सुरक्षित रखते हुए कैसे रेस्क्यू वर्क करना है, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने गुड सेमरिटन के अंतर्गत आम लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने की अपील की। इस दौरान ट्रैफिक सार्जेंट मेजर अरुण किशन एवं सभी थाना से एक एक अधिकारी मौजूद थे।

## संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष बिहार हरिणा ओपेन अध्ययन केंद्र के लिए हुआ अधिकृत

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट ओपेन स्टडी केंद्र की ओर से संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार हरिणा को ओपेन अध्ययन केंद्र के रूप मे अधिकृत किया गया है। उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। मुकेश राय ने कहा की विद्यालय संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार हरिणा को झारखंड स्टेट लेबल में अध्ययन केंद्र के रूप मे अधिकृत किया गया है। इसके तहत विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे कम आय वाले युवको एवं कामकाजी महिलाओं के लिए रोजगार उनमुखी कोर्स उपलब्ध कराने हेतु नवंबर 2022 में अध्ययन केंद्र अधिकृत करने के पूर्व विश्वविद्यालय की ओर से दो कोऑर्डिनेटर डॉ प्रेम सागर केसरी एवं विकास मौर्य के द्वारा निरीक्षण किया गया था। और उनके निरीक्षण प्रतिवेदन जमा करने के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ घनश्याम कुमार सिंह के द्वारा संस्कार ज्ञानपीठ को अध्ययन केंद्र के रूप में अधिकृत किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

निविदा का प्रसंग- WRD/WWDivision, Hazaribag/IFB-03/2022-23 दिनांक 13.02.2023

| क्र० | कार्य का नाम | सिंचाई कॉलोनी, दिपुगढा स्थित E type,F type,G type,Fg type आवास का मरम्मति कार्य। |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राषि | रूपये 64,10,246.41 (रूपये चौसठ लाख दस हजार दो सौ छियालीस एवं पैसे एकतालीस) मात्र। |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रू० 10000 (रूपये दस हजार) मात्र |
| 3 | अग्रधन की राषि | रूपये 1,29,000.00 (रूपये एक लाख उनती हजार) मात्र। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12(बारह माह)। |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.03.2023 |
| 6 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 03.03.2023 तक (कार्यालय अवधि में) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि | 06.03.2023 तक (11.00 बजे पूर्वाह्न से) |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | दिनांक 15.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से |
| 9 | निविदा आमंत्रण करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता (ई-प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी) | ई० बलराम मुर्मू, कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 10 | ई-प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | 06546-298151 / 9608234736 |
| 11 | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 06546-298149 / 9955912075 |

नोट-केवल ई-टेण्डर को ही मान्यता दी जायेगी। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR290105 (Water Resource)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, चतरा**

ई-अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई-पुनर्निविदा सूचना संख्या- Ref No: EE/NREP/CHATRA/06/2022-23-RE 1 दिनांक-13.02.2023

1. मद का नामः राज्य योजना अनावद्ध के अन्तर्गत

| क्र० सं० | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की तिथि | कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06 | हंटरगंज | केदलीकला | केदलीखुर्द | नंदलाल ठाकुर के घर से नहर होते होए रामधीन के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2466400.00 | 49500.00 | 5000.00 | 31.03.23 | द्वितीय |
| | | | | | | 2466400.00 | 49500.00 | 5000.00 | | |

2. वेबसाइट में ई-पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि - 20.02.2023
3. ई - पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय - 27.02.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई-पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय-01.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता- कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई- पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. - 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई- पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी.चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण-विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यापालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR.NO.290195 NREP(22-23):D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



अज्ञात महिला का शव

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव तमाड़ थाना अन्तर्गत रडगाँवव काली मन्दिर के पास एन0एच0-33 में राँची टाटा-मुख्य मार्ग से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में तमाड थाना काण्ड सं0-92/22, दिनांक-3.11.22, धारा-304(A), भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। अगर अज्ञात महिला का शव के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे अंकित मोबाईल नं0 पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला का शव बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बुण्डू, राँची। - 9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, राँची। - 9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।

PR 290141 Police(22-23)D



**अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय,सिमडेगा।**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक- 158(F) दिनांक- 29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा- उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात-निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय-समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक-**15.02.2023 (बुधवार)** एवं दिनांक-**16.02.2023 (गुरूवार)** को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/ Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस-100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्ष।

फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक ) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :-
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर/डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता/मो0नं0/ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु-(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले-आउट/ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस-खाद्य प्रतिष्ठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

**नोट :- अधिक जानकारी के हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।**

अभिहित अधिकारी
-सह-
अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 290133 (District) 22-23 (D)


आइसीएआइ की धनबाद शाखा ने किया एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# बजट 2023-के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रावधान पर की विस्तृत चर्चा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की धनबाद शाखा ने सीए सदस्यों के लिए सोमवार को बैंक मोड़ के निजी होटल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस दौरान बजट 2023- प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर प्रावधान पर विस्तृत जानकारी साझा किया गया। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए वीरेंद्र शर्मा एवं मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता से आये सीए अभिषेक टिबरेवाल और सीए असीम प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और आईसीएआई आदर्श वाक्य गीत से किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एचओडी फाइनेंस, बीसीसीएल सीए वीरेंद्र शर्मा को शॉल और गीता पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

### बजट 23 में जीएसटी कानूनों में विभिन्न बदलावों का प्रस्ताव

सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीए अभिषेक टिबरेवाल ने बताया की जीएसटी के सेक्शन 16 या 17 पर काफी डिटेल्स एक्सप्लेनेशन दिये गये है। वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया वित्त बजट 2023 जीएसटी कानूनों में विभिन्न बदलावों का प्रस्ताव हैं। सरकार ने बड़े पैमाने पर व्यापार के लाभ के लिए लागू कानूनों को सुचारू और सुव्यवस्थित करने का लक्ष्य रखा है। ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से व्यापार करदाताओं को ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से माल की आपूर्ति करने की अनुमति देकर बढ़ावा दिया जाता है। इसी समय, अभियोग शुरू करने की मौद्रिक सीमा बढ़ा दी गई है। वही सीए असीम प्रकाश ने आयकर पर चर्चा करते हुए बताया कि 7 लाख का कर छूट नये कर प्रावधान में ही मिलेगा साथ ही 701000 रुपए होने पर कर में छूट का प्रावधान मात्र 3 लाख तक का ही रहेगा। बाकी पर स्लैब रेट लगेगा। उन्होंने एमएसएमई को पेमेंट 45 दिन में हो जाये इस बात पर जोर देते हुए बताया कि टैक्स ऑडिट के वक्त सीए यह देखें की एमएसएमइ का बकाया 45 दिनों से ज्यादा का ना हो। वही उन्होंने सहकारी टीडीएस एवं ट्रस्ट के क्षेत्र में हुए बदलाव पर भी जानकारी दी गई।

### 22 फरवरी को नयी मैनेजिंग समिति का होगा चयन

आइसीएआइ धनबाद के सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए नंद किशोर तुलस्यान ने बताया की आने वाली 16 फरवरी 2023 को कंपनी लॉ पे आइसीएआइ धनबाद ब्रांच में संगोष्ठी का योजना किया गया है। जिसमें स्पीकर के रूप में कोलकाता से सीए मयूर अग्रवाल शामिल होंगे। और 22 फरवरी को धनबाद ब्रांच के लिए नयी मैनेजिंग समिति का चयन किया जायेगा। सेमिनार में लगभग 65 सीए सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा उपाध्यक्ष सीए सौरव अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सीए ललित झुनझुनवाला, सीए राजेश मटालिया, सीए शुभम खंडेलवाल, सीए राहुल सुरेखा इत्यादि शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के प्रबंध समिति का योगदान रहा।

# नवीन पटनायक ने किया क्योंझर में धरणीधर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को क्योंझर का दौरा किया और वहां नवनिर्मित धरणीधर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। हजारों छात्रों और जनता के तालियों के बीच मुख्यमंत्री ने यह पूछा 'क्या आप खुश हैं?' वहां पर उपस्थित सबने कहा हां, उसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी बहुत खुश हूं।

बाद में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने धरणीधर कॉलेज को एक विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी। मुख्यमंत्री के सचिव (5-टी) वीके पांडियन ने घोषणा की। श्री पांडियन ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं बच्चों को यह प्रमाण पत्र देना चाहते हैं। खुशी के बीच छात्रों ने मुख्यमंत्री के पास गये और मुख्यमंत्री ने उन्हें विश्वविद्यालय का मान्यता के निर्देशनाम दिखाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्योंझर में एक मेडिकल कॉलेज और एक कैंसर उपचार केंद्र और एक नर्सिंग कॉलेज के लिए बुनियादी ढांचा जल्द ही शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे डॉक्टरों की कमी दूर होगी और जिले में बेहतर गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उन्होंने कहा कि परेशान होकर जिले के लोगों को अब कटक-भुवनेश्वर नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने मेरे लिए सभी का जीवन अनमोल बताते हुए कहा कि इस नीति के तहत प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का विकास किया जा रहा है। बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना में 8 लाख 30 हजार 773 लोगों को लाभान्वित हुए है, जबकि इस पर 1820 करोड़ से अधिक राशि व्यय की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि केवल क्योंझर में ही 24 हजार लोगों को लाभान्वित हुए है और 47 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने क्योंझर के लिए 4703 करोड़ रुपये की 259 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें 1103 करोड़ रुपये की 138 परियोजनाओं को बुनियादी ढांचा के लिए दिया गया है। 868 करोड़ रुपये की 98 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 2731 करोड़ की 23 नयी परियोजनाओं की घोषणा की गयी है। जिले में 14,372 मिशन शक्ति समूहों के माध्यम से 1.60 लाख महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उनके लिए मुख्यमंत्री ने 378 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने बांशपाल के बनपुष्प स्वयं सहायक समूह को 20 लाख रुपये का ऋण चेक और घषीपुरा के विजया स्वयं सहायक समूह को 25,757 रुपये की ब्याज छूट प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, महिला और युवा समाज हमारे प्रदेश की त्रिमूर्ति हैं। उन्होंने कहा कि ये हमारे राज्य की प्रगति के सारथी हैं और यह त्रिमूर्ति विकसित ओडिशा के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

इस कार्यक्रम में बित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री निरंचन पुजारी, क्योंझर की सांसद चंद्रानी मुर्मू, घषीपुरा के विधायक बद्री नारायण पात्र, क्योंझर के विधायक मोहन चरण मांझी, आनंदपुर के विधायक भागीरथी सेठी और तेलकोई के विधायक प्रेमानंद नाएक, चंपुआ की विधायक मीनाक्षी महंत, क्योंझर जिला योजना समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ नायक, जिला परिषद अध्यक्षा सागरिका साहू ने अपने विचार रखे।

# वन विभाग ने भी खुर्दा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के लिए दी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप और पर्यावरण और जंगल और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के समर्थन के कारण बहुप्रतीक्षित खुर्दा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के लिए जंगल मंजूरी का मुद्दा सफल हो गया है। दशपल्ला और पुरुणाकटक के बीच खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के 112 किमी और 180 किमी के बीच 68 किमी रेल लाइन के लिए अब जंगल स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह परियोजना बलांगीर, सोनपुर, फुलवाली, बौध, नयागड और खुर्दा जिलों को जोड़ेगी और पश्चिमी और तटीय ओड़िशा के बीच एक और रेल संपर्क स्थापित करेगी।

1994-95 में खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी गयी थी, जंगल मंजूरी के साथ कई समस्याओं के कारण परियोजना में देरी हुई 2014-15 से परियोजना में तेजी लायी गयी है। अब तक 301 किमी में से 115 किमी (खोरधा रोड से नुआगांव तक 90 किमी) और बलांगीर से झरतरभा तक 25 किमी) रेलवे लाइन चालू हो चुकी है। खोरधा रोड साइड से नुआगांव से दशपल्ला और बलांगीर साइड से झरतरभा से खंबेश्वरपाल्ली तक निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य है। आवश्यक जमीन और जंगल मंजूरी सौंपने में देरी के कारण परियोजना की धीमी प्रगति हुई दशपल्ला और पुरुणाकटक (किमी 112 - किमी 180) के बीच 1469 एकड़ जंगल जमीन के विचारधीन था।

मार्च 2023 तक नुआगांव और दशपल्ला के बीच 15.5 किमी रेल खंड पर 15 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 04 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के साथ 57 छोटे और 3 बड़े पुल बनाने का लक्ष्य है। इसी तरह, झरतरभा-खम्बेश्वरपल्ली-सोनपुर (11.40 + 10.30 = 21.70 किमी) लंबा रेल खंड मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजना के लिए 97.59 एकड़ निजी भूमि, 262.75 एकड़ सरकारी भूमि 112-180 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध के दौरान तथा जंगल अनुमोदन सठिक समय से प्राप्त हो जाने से परियोजना को दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव विभिन्न रेल परियोजनाओं के साथ-साथ ओडिशा में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं, जबकि खौरधा रोड - बलांगीर रेल लाइन परियोजना श्री वैष्णव की फोकस परियोजनाओं में से एक है। इसे प्रधानमंत्री के बुनियादी ढांचे के विकास में स्थान मिला है।

श्री वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों को बहुप्रतीक्षित पब्लिक सेंट्रल रेलवे परियोजना के निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाले भूमि अधिग्रहण और अन्य मुद्दों को तेजी से हल करने के लिए जमीनी स्तर पर विभिन्न सरकारी और अन्य संगठनों के साथ समन्वय में काम करने की सलाह दी ताकि काम पूरा करने में तेजी लायी जा सके।

## आइएमएस के डीन प्रो डॉ संघमित्रा मिश्र ने किया सीएमइ का उद्घाटन

# मेलिओडोसिस रोगी की मृत्यु दर बहुत अधिक है : डॉ डेविड डांस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेलिओडोसिस साप्रोफाइट (बैक्टीरिया) के कारण होने वाली एक मारात्मक बीमारी है और इसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। ये बैक्टीरिया एक पौधे या फंगस के कारण होते हैं, जो मृत या गिरी हुई सामग्री पर जीवित रहता है। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि यह बुर्कहोल्डरिएप्स्यूडोमालेली नामक जीवाणु के कारण होता है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन के प्रोफेसर (डॉ) डेविड डांस ने कहा कि जबकि दुनिया में इसके लिए मृत्यु दर अधिक है। यह तथ्य सामने नहीं आया है और न ही स्वास्थ्य देखभाल संघों द्वारा जागरूकता पैदा की गयी है। प्रोफेसर डांस ने पिछले सप्ताह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स में आयोजित एक सीएमइ में यह बात कही। इस बीमारी के लक्षण तपेदिक, टाइफाइड, मलेरिया, स्क्रब टाइपस, लेप्टोस्पायरोसिस और डेंगू सहित कई अन्य बीमारियों की नकल करते हैं, जिसके लिए इसे 'ग्रेट मिमिकर' के रूप में जाना जाता है।

मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचइ) के प्रो (डॉ) चिरंजय मुखोपाध्याय ने भी संसाधन व्यक्तियों में से एक के रूप में भाग लिया। भाग लेने वाले विशेषज्ञों ने भारत सहित दुनिया भर में इस मारात्मक बीमारी की स्थिति, उपलब्ध परीक्षण प्रणालियों और उपचार विधियों पर चर्चा की।

सीएमइ का उद्घाटन करते हुए आइएमएस के डीन प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्र ने इस बीमारी के बारे में चिंता व्यक्त की और सीएमइ में शामिल विशेषज्ञों से इस संबंध में और अधिक गबेसणा करने का अनुरोध किया। इस सीएमइ में देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सीएमइ का संचालन डॉ. प्रज्ञा परमिता जेना ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) कुंदन कुमार साहू ने किया।

# जनवरी महीने में 6.52% पर पहुंची रिटेल महंगाई, तीन महीने में सबसे अधिक

**नयी दिल्ली।** देश में जनवरी महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.52% पर पहुंच गयी है। ये रिटेल महंगाई का तीन महीने का उच्चतम स्तर है। यह दिसंबर 2022 में 5.72% पर थी। वहीं पिछले साल जनवरी में रिटेल महंगाई 6.01% रही थी। वहीं तीन महीने पहले अक्टूबर 2022 में रिटेल महंगाई 6.77% थी। खाने-पीने का सामान खास तौर पर दाल-चावल, गेहूं और सब्जियों की कीमतों के बढ़ने की वजह से महंगाई बढ़ी है। जनवरी में फूड इन्फ्लेशन 5.94% हो गयी है, जो दिसंबर में 4.19% थी।

# अंतर-विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर (इसीओआरएसए) द्वारा आठ से 12 फरवरी तक रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2023 का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में संबलपुर मंडल के सभी विभागों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेल खेले गये।

इस समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, आनंद सिंह, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर, अंजनी सिंह और रुचिका सिंह उपाध्यक्षा, संबलपुर इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने कहा कि खेलों में सक्रिय भागीदारी हमें मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखती है। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में वॉलीबाल का फाइनल मैच इंजीनियरिंग व आरपीएफ की टीम के बीच खेला गया, जिसमें आरपीएफ की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। आरपीएफ टीम के चंदन प्रधान को मैन ऑफ द मैच और संदीप नेहरा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। बैडमिंटन पुरुष युगल में तन्मय मुखोपाध्याय और चंदन मिश्रा ने डॉ मनोज कुमार बेहेरा और बिजय मिश्रा के खिलाफ फाइनल मैच 2-0 सेट से जीता। बैडमिंटन महिला युगल में रीना मीना और संजू सिंह ने नेहा देवांगन और राहा लक्ष्मी के खिलाफ फाइनल मैच जीता।

इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ मनोज कुमार बेहेरा सहित समस्त अधिकारी पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य इस कार्यक्रम के साक्षी बने।


# इमरान ने भारत की फॉरेन पॉलिसी को सराहा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। खान के मुताबिक- रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया तो भारत ने उससे सस्ता तेल खरीदना जारी रखा। मैं ऐसा नहीं कर पाया, क्योंकि उस वक्त के आर्मी चीफ जनरल बाजवा ने मामला बिगाड़ दिया। इमरान इस मुद्दे पर पहले भी मोदी सरकार की तारीफ कर चुके हैं। इस बार उन्होंने नाकामी का ठीकरा जनरल बाजवा पर फोड़ दिया। कहा- मैंने तो मॉस्को में पुतिन से भारत की तरह सस्ते क्रूड ऑयल की डील फाइनल कर ली थी, लेकिन बाजवा ने यूक्रेन पर हमले की निंदा कर दी और मामला बिगड़ गया। पार्टी वर्कर्स के नाम एक वीडियो मैसेज में इमरान ने कहा कि मैं रूस से रिश्ते इसलिए सुधारना चाहता था, क्योंकि पाकिस्तान को उससे 2 चीजें चाहिए थीं। सस्ता गेहूं और सस्ता तेल। हमें 20 लाख टन गेहूं खरीदना था। उस वक्त जंग की वजह से दुनिया में तेल की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ रहीं थीं। मैं मॉस्को गया और प्रेसिडेंट व्लादिमिर पुतिन से बात की। वो भारत की तर्ज पर हमें सस्ता गेहूं और सस्ता तेल देने के लिए तैयार हो गये। खान ने आगे कहा- यहां वापस आये, तो हमारा आर्मी चीफ (उस वक्त जनरल कमर जावेद बाजवा) मुझसे कहना लगा कि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया है, इसलिए उसकी निंदा करो। मैंने बाजवा से कहा कि हिंदुस्तान को देखो। वो तो अमेरिका का स्ट्रैटेजिक पार्टनर और क्वॉड का मेंबर है। वो तो रूस की निंदा नहीं करता। वो बिना डरे और बिना किसी परेशानी के रूस से तेल ले रहा है।

# औरंगाबाद में समाधान यात्रा के दौरान नीतीश कुमार पर कुर्सी का टुकड़ा फेंका, बाल-बाल बचे

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को बाल-बाल बच गये। औरंगाबाद में भीड़ से एक व्यक्ति ने उन पर टूटी हुई कुर्सी के टुकड़े से हमला कर दिया। टुकड़ा सीएम की तरफ तेजी से आया। हालांकि सीएम बच गये। इसके बाद अफरातफरी मच गयी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें घेरे में ले लिया। समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद के बारुण प्रखंड के कंचनपुर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री को पंचायत भवन का उद्घाटन करना था। यहां पर उद्घाटन के बाद सीएम सुरक्षाकर्मियों के साथ जाने लगे। इसी दौरान भीड़ में से किसी ने मुख्यमंत्री की तरफ कुर्सी का टुकड़ा फेंका। कुर्सी का टुकड़ा तेजी से सीएम की तरफ बढ़ा। वह सीएम के आगे आकर गिरा। सुरक्षाकर्मी सचेत हो गये। यह टुकड़ा किसने भेजा, उसका पता नहीं चल पाया।

**ड्रोन नहीं होने के कारण पहचान नहीं हो सकी :** कुर्सी फेंके जाने की जानकारी मंच से भी दी गयी, लेकिन किसने फेंका उसकी पहचान नहीं हो सकी। ड्रोन मॉनीटरिंग की स्थिति में ही फेंकने वाले की पहचान हो सकती थी, लेकिन मौके पर ड्रोन नहीं था।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**